दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 158
कोटद्वार मंगलवार
3 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## गंगा में डूबकर दिल्ली के युवक की मौत

**ऋषिकेश।** दिल्ली से तीन दोस्तों के साथ ऋषिकेश में सैर–सपाटे के लिए पहुंचा दिल्ली का एक और युवक गंगा में स्नान करते वक्त डूब गया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर करीब घंटेभर में ही युवक का शव बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया है। मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक शिवम (24) पुत्र मंजय सिंह निवासी उत्तम नगर, दिल्ली तीन साथियों के साथ सोमवार को सैर–सपाटे के लिए आया था। दोस्तों के साथ राफ्टिंग करने के दौरान वह नीम बीच पर रुका। दोपहर करीब एक बजे सभी गंगा में नहाने उतर गए। शिवम अचानक गंगा के तेज प्रवाह की चपेट में आकर बह गया। फौरन साथियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ जवानों के साथ शिवम की तलाश को गंगा में खोजबीन शुरू की। इसमें दो बजे के आसपास एसडीआरएफ के डीप डायवर ने नीम बीच के पास से शिवम का शव गंगा से बरामद कर लिया। निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत शिवम के परिजनों को भी अवगत करा दिया गया है।

## उत्तर प्रदेश में कत्लेआम, जमीनी विवाद के चलते 6 लोगों की हत्या

**देवरिया, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह जमीनी विवाद में छह लोगों की हत्या कर दी गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। सदर क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने यहां बताया कि क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर में दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर छह लोगों की हत्या कर दी गई।

इस हिंसक वारदात में एक लडक़ी गंभीर रूप से घायल है, जिसको बेहतर इलाज के लिए डाक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रैफर कर दिया है। उन्होंने बताया कि फत्तेपुर गांव निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव का गांव के ही सत्यप्रकाश दुबे के परिवार से जमीनी विवाद चल रहा था। आज तडक़े प्रेम यादव (40) का शव गाँव के पास मिलने से हडक़ंप मच गया। हत्या के प्रतिशोध में प्रेम यादव के समर्थकों ने सत्य प्रकाश दुबे के घर धावा बोल दिया तथा सत्य प्रकाश, उनकी पत्नी किरण दुबे, पुत्री सलोनी, नंदनी और बेटे अनमोल की हत्या कर दी।

# आंदोलनकारियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करना सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि**

◆शहीद स्थल, रामपुर तिराहा में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की होगी उपलब्धता
◆मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल रामपुर तिराहा में राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को शहीद स्थल रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर में राज्य आंदोलनकारी शहीदों की पुण्य स्मृति पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर स्थित शहीद स्थल में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की उपलब्धता एवं स्थानीय उत्पादों के स्थल के रूप में विकसित किए जाने की बात कही। कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सभी आंदोलनकारियों को पूरा मान-सम्मान और अधिकार देने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरियों में दस प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ाने के साथ ही राज्य आंदोलकारियों की मृत्यु के पश्चात उनके आश्रितों को भी पेंशन देने का निर्णय लिया है। सरकार राज्य आंदोलनकारियों को 'एक समान पेंशन' देने के लिए कार्य योजना तैयार कर रही है। उद्योगों में नौकरी के लिए राज्य आंदोलनकारियों को प्राथमिकता के लिए समुचित व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का ''विकल्प रहित संकल्प'' लेकर आगे बढ़ रही है।

सरकार की नीतियों के केंद्र में राज्य का सर्वांगीण विकास है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि हमारे शहीद आंदोलनकारियों के बलिदान की बदौलत हमें उत्तराखंड राज्य मिला। उन्होंने कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रधानमंत्रित्व काल में उत्तराखण्ड अलग राज्य बना। राज्य निर्माण के बाद उन्होंने उत्तराखण्ड को विशेष औद्योगिक पैकेज भी दिया।

उन्होंने कहा आज केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव कुमार बालियान, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार (उत्तर प्रदेश सरकार) कपिल देव अग्रवाल, विधायक प्रदीप बत्रा, उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड संस्कृत साहित्य एवं कला परिषद् सुश्री मधु भट्ट, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजेंद्र अंथवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा रूड़की शोभा राम प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर सुधीर सैनी, सचिव संस्कृति हरि चंद्र सेमवाल, जिलाधिकारी हरिद्वार धीराज सिंह गर्ब्याल, निदेशक संस्कृति सुश्री बीना भट्ट एवं अन्य लोग मौजूद थे।



सीएम पुष्कर सिंह शहीद स्थल रामपुर तिराहा में शहीद आंदोलनकारी को श्रद्धाजंलि देते हुए।

## मेघालय में 5.2 तीव्रता का भूकंप, आसपास के राज्यों में भी महसूस हुए झटके

**शिलॉन्ग , एजेंसी।** मेघालय और आसपास के राज्यों में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया है। फिलहाल जानमाल या संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। भूकंप शाम 6.15 बजे पूर्वोत्तर राज्य के उत्तरी गारो हिल्स जिले में 10 किमी की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र जिला मुख्यालय रेसुबेलपारा से लगभग 3 किमी दूर था। झटका आस–पास के राज्यों जैसे असम, पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग और सिक्किम में भी महसूस किया गया।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि हमें जानमाल के नुकसान या संपत्ति के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पूर्वोत्तर राज्य उच्च भूकंपीय क्षेत्र में आते हैं और इस क्षेत्र में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, धरती के अंदर बढ़े दबाव के मद्देनजर अब भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस हो सकते हैं। एनसीएस की इस पर कड़ी नजर है। 24 घंटे के भीतर 4.0 से 4.2 तीव्रता का पहला झटका आ सकता है।

### एनआईए की जांच में खुलासा

## विदेशी उग्रवादियों ने रची मणिपुर हिंसा की साजिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर हिंसा को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ा खुलासा किया है। एनआईए के मुताबिक, मणिपुर हिंसा में म्यामांर और बांग्लादेश के उग्रवादी हथियार और गोला बारूद पहुंचा रहे हैं। एनआईए ने अलगाववादी समूह पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक प्रशिक्षित सदस्य को गिरफ्तार किया है। एनआईए की जांच रिपोर्ट से यह पता चला है कि म्यांमार और बांग्लादेश स्थित उग्रवादी समूहों ने मणिपुर में विभिन्न जातीय समूहों के बीच दरार पैदा करने और भारत के खिलाफ युद्ध छेडऩे के इरादे से यह साजिश रची है। एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि हमने मणिपुर में मौजूदा जातीय अशांति का फायदा उठाकर सरकार के खिलाफ युद्ध छेडऩे के लिए म्यांमार और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठनों द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित मामले में सेमिनलुन गंगटे को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने 19 जुलाई को स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था।




गैंगटे को गिरफ्तारी के बाद दिल्ली लाया गया है और संबंधित अदालत में पेश किया जाएगा। एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि अब तक की जांच से पता चला है कि म्यांमार स्थित आतंकवादी संगठन मणिपुर में मौजूदा अशांति का फायदा उठाकर सुरक्षा बलों और विरोधी जातीय समूहों पर अधिक हमले करने के लिए जमीनी कार्यकर्ताओं (ओजीडब्ल्यू), कैडरों और समर्थकों की भर्ती कर रहे हैं। इस उद्देश्य के लिए म्यांमार स्थित नेतृत्व गैरकानूनी तरीकों से हथियार, गोला–बारूद और विस्फोटक इका कर रहा है, जिसमें सरकारी सुविधाओं और संसाधनों की लूट भी शामिल है।

# जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी, राज्य में 63% ओबीसी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत है। बिहार की नीतीश कुमार सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट में यह बात आयी है। बिहार में सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत है।

पिछड़ा वर्ग की आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है, जबकि अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी है। नीतीश कुमार सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट में यह बात आयी है। सोमवार को बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर आंकड़ों की पुस्तिका जारी की।

बिहार सरकार की ओर से कुल 214 जातियों के आंकड़े जारी किए गए हैं। इनमें कुछ ऐसी जातियां भी हैं जिनकी कुल आबादी सौ से भी कम है। 214 जातियों को अलावा 215वें नंबर पर अन्य जातियों का भी जिक्र रिपोर्ट में किया गया है। आंकड़ों की मानें, राज्य की आबादी 13,07,25,310 है। वहीं कुल सर्वेक्षित परिवारों की संख्या 2,83,44,107 है। इसमें पुरुषों की कुल संख्या छह करोड़ 41 लाख और महिलाओं की संख्या छह करोड़ 11 लाख है। राज्य में प्रति 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं।

**बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़े**

| वर्ग | आबादी | हिस्सेदारी |
|---|---|---|
| पिछड़ा वर्ग | 3,54,63,936 | 27.12% } 63% |
| अति पिछड़ा वर्ग | 4,70,80,514 | 36.01% |
| अनुसूचित जाति | 2,56,89,820 | 19.65% |
| अनुसूचित जनजाति | 21,99,361 | 1.68% |
| सामान्य | 2,02,91,679 | 15.52% |
| कुल | 13,07,25,310 | 100% |

बिहार में 81.99 प्रतिशत यानी लगभग 82% हिंदू हैं। इस्लाम धर्म के मानने वालों की संख्या 17.7% है। शेष ईसाई सिख बौद्ध जैन या अन्य धर्म मानने वालों की संख्या 1% से भी कम है। राज्य के 2146 लोगों ने अपना कोई धर्म नहीं बताया।

बिहार में जब भारतीय जनता पार्टी के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी सरकार में थी, तभी बिहार विधानसभा और विधान परिषद ने राज्य में जाति आधारित गणना कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। कोरोना की स्थिति संभालने के बाद 1 जून 2022 को सर्वदलिय बैठक में जाति आधारित गणना को सर्वसम्मति से करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

बिहार में जाति आधारित जनगणना का पहला चरण 7 जनवरी से शुरू हुआ था। इस चरण में मकानों को गिना गया। यह चरण 21 जनवरी 2023 को पूरा कर लिया गया था। वहीं 15 अप्रैल से दूसरा चरण की गणना की शुरुआत हुई। इसे 15 मई को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन, मामला कोर्ट में चला गया। इसके बाद पटना हाईकोर्ट ने गणना पर रोक लगा दिया था। बाद में फिर पटना हाईकोर्ट ने ही जाति आधारित गणना को हरी झंडी दी।दूसरे चरण में परिवारों की संख्या, उनके रहन–सहन, आय समेत अन्य जानकारियां जुटाई गईं। इसके बाद मामला सुप्रीमो कोर्ट में भी गया। लेकिन, कोर्ट ने इस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## लालू ने कहा– जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी, नीतीश बोले– सभी वर्ग का विकास होगा




**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने जाति आधारित गणना के आंकड़ों को सार्वजनिक कर दिया। किस जाति और धर्म के लोगों की कितनी आबादी है, इसका भी आंकड़ा जारी कर दिया है। गांधी जंयती के मौके पर जाति आधारित आंकड़े जारी करने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना के आंकड़े प्रकाशित कर दिए गए हैं। जाति आधारित गणना के कार्य में लगी हुई पूरी टीम को बहुत–बहुत बधाई।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जाति आधारित गणना के लिए सर्वसम्मति से विधानमंडल में प्रस्ताव पारित किया गया था। बिहार विधानसभा के सभी 9 दलों की सहमति से निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराएगी और 2 जून 2022 को मंत्रिपरिषद से इसकी स्वीकृति दी गई थी। इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराई है। जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना को लेकर शीघ्र ही बिहार विधानसभा के उन्हीं 9 दलों की बैठक बुलाई जाएगी तथा जाति आधारित गणना के परिणामों से उन्हें अवगत कराया जाएगा।

# देश की प्रगति से नफरत करते हैं विकास विरोधी दल, इनके शासन वाले राज्यों में बढ़े अपराध: मोदी

**ग्वालियर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिना किसी का नाम लिए विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि इनका एकमात्र कार्य देश की प्रगति से नफरत करना है और जिन राज्यों में विकास विरोधी दलों की सरकारें हैं, वहां अत्याचार और अपराध बढ़ गए हैं। श्री मोदी ने यहां के अपने प्रवास के दौरान लगभग 19 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेंद्र कुमार, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश सरकार के कई मंत्री उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विकास विरोधी दलों का एकमात्र कार्य देश की प्रगति से नफरत करना है। अपनी नफरत में ये दल देश की उपलब्धियां भी भूल जाते हैं। पूरी दुनिया भारत का गौरवगान कर रही है, पर जिन्हें कुर्सी के अलावा कुछ नहीं दिखता, उन्हें ये सब अच्छा नहीं लगता। प्रधानमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष में भारत 10वीं से पांचवीं नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है, पर विकास विरोधी लोग इसे झूठा साबित करने की कोशिश में है। उन्होंने कहा कि अगले कार्यकाल में भारत सर्वश्रेष्ठ तीन अर्थव्यवस्था में होगा, ये मोदी की गारंटी है।



श्री मोदी ने कहा कि विकास विरोधी लोगों को देश ने शासन के लिए छः दशक दिए थे, अगर मौजूदा सरकार नौ साल में इतना काम कर सकती है, तो छः दशक में कितना हो सकता था, लेकिन वे तब भी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे रहते थे और अब भी वही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्य राजस्थान का संदर्भ देते हुए कहा कि वहां सरेआम गले काटे जाते हैं, पर वहां की सरकार देखती रहती है। विकास विरोधी दल जहां जाते हैं, वहां तुष्टिकरण और अत्याचार बढ़ जाते हैं। बीते सालों में इनके शासन वाले राज्यों में अपराध बहुत बढ़े हैं। मध्यप्रदेश के लोग भी इनसे सावधान रहें। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण मौजूदा सरकार के लिए वोट बैंक नहीं, बल्कि राष्ट्र कल्याण का मिशन है। पुरानी सरकारों ने महिलाओं के आरक्षण के नाम पर सिर्फ वोट मांगे, पर कानून को साजिशों के तहत रोक कर रखा।

### यूपी में दरक गया इंडिया गठबंधन? कांग्रेस का दावा

# सपा के 200 नेता उनके संपर्क में, जल्द ज्वाइन करेंगे पार्टी

**लखनऊ , एजेंसी।** विपक्षी गठबंधन इंडिया में भले कांग्रेस और सपा साथ–साथ नजर आ रही है, लेकिन प्रदेश की सियासत में इनकी राहें अलग– अलग दिख रही हैं। सपा के तमाम नेता कांग्रेस की ओर रूख कर रहे हैं। इतना ही नहीं वे सपा सरकार में दलितों एवं पिछड़ों की अनदेखी के मुद्दे को गरमा भी रहे हैं। फिलहाल मंगलवार को प्रसपा– सपा के कई नेता कांग्रेस का हाथ पकड़ने जा रहे हैं।

मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के बाद प्रसपा का सपा में विलय हो गया। उम्मीद थी कि दोनों पार्टियों के नेता एकजुट होकर प्रदेश की सियासत में अपनी ताकत का अहसास कराएंगे, लेकिन हालात बदलते नजर आ रहे हैं। दो माह के अंदर सपा–प्रसपा के के कई दिग्गज नेताओं ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। सपा के संस्थापक सदस्य सीपी राय कांग्रेस में पहुंचे और प्रवक्ता की जिम्मेदारी संभाल ली है। पूर्व विधायक राकेश राठौर, सपा के राष्ट्रीय सचिव नवाब अली अकबर भी कांग्रेस में चले गए। भदोही में सपा के टिकट पर नगर पालिका का चुनाव लड़ चुके हसनैन अंसारी रोते हुए कांग्रेस के मंच पर पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें तिरंगा भेंट कर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।अब मंगलवार को प्रसपा छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्वअध्यक्ष दिनेश सिंह यादव, सपा के अनुषांगित संगठन बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र ध्रुव और सपा के प्रदेश सचिव बीपी सिंह अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता लेंगे।



एक के बाद एक सपा नेताओं के कांग्रेस में शामिल होना सियासी तौर पर अलग संदेश दे रहा है। इस संबंध में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि वे पार्टी को मजबूत करने में जुटे हैं। जनता की आवाज बुलंद करने वालों के लिए कांग्रेस के दरवाजे हमेशा खुले हैं। वह दावा करते हैं कि सपा सहित विभिन्न पार्टियों के करीब दो सौ से ज्यादा नेता उनके संपर्क में हैं। दशहरे के बाद जिलेवार लोगों को कांग्रेस में शामिल कराया जाएगा।

सूत्रों की मानें तो कांग्रेस अपने टीम बी के प्लान पर भी अंदरखाने में काम कर रही है। इंडिया गठबंधन के तहत सीटों के बंटवारे को लेकर किसी तरह से बात बिगड़ती है तो प्लान बी लांच किया जाएगा। इसके तहत प्रदेश के तमाम अल्पसंख्यक नेताओं के संपर्क साधा जा रहा है। गंठबंधन में तस्वीर बदलती तो सपा से टिकट कटने पर कई पुराने सपाई नेताओं को कांग्रेस मैदान में उतार सकती है।

# बूथ स्तर तक एकजुटता से कार्य करने की अपील




नई टिहरी : नरेन्द्रनगर गजा भाजपा मंडल की चाका कस्बे में बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं से सगंठन की लिये बूथ स्तर तक एकजुटता से कार्य करने की अपील की गई। कार्यकर्ताओं से सरल एप अपलोड करने की जानकारी भी दी गई। सोमवार को चाक कस्बे में भाजपा गजा मंडल की बैठक में मंडल प्रभारी भगवती प्रसाद रतूड़ी ने कार्यकर्ताओं से बूथ सशक्तिकरण के कार्य पर जोर देने को कहा। कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी की एकता और मजबूती के लिये एकजुटता से कार्य करने की जरुरत है। नगर पंचायत गजा अध्यक्ष मीना खाती ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन बिल पास होने से महिलाओं में मोदी सरकार के प्रति और विश्वास बढ़ा है, जिसके बाद मातृ शक्ति का संगठन को लगातार समर्थन मिल रहा है। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चतर सिंह, मंत्री गजेन्द्र खाती, रतन सिंह रावत, ज्योति पंत, राजेश रावत, वीर सिंह असवाल, अनिल कुमार, कुलदीप सिंह, ईश्वरी प्रसाद बिजल्वाण, शूरवीर गुसाईं, मंगल सिंह, दिनेश बिजल्वाण, शैलेंद्र चौहान, मकान सिंह चौहान, राजेन्द्र रणाकोटी, हंसलाल चौहान सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## डीएम ने सरस मेले की तैयारियों को परखा

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने पूर्णानन्द खेल मैदान मुनिकीरेती पहुंचकर राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला-2023 की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई, शौचालय व्यवस्था व मंच व्यवस्था को जल्द ही पूरा करने के डीएम ने निर्देश दिए। दस दिवसीय सरस मेला जनपद में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। मेले में सम्पूर्ण भारत से स्वयं सहायता समूहों व कास्तकारों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। वोकल फोर लोकल थीम पर उत्तराखण्ड एवं देश के विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूह के प्रतिभागियों, कास्तकारों, हस्तकला कारीगरों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं क्रय-विक्रय स्टॉलों के माध्यम से किया जायेगा।



## सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी एवं श्री आनंद वर्धन सहित सचिवों, अपर सचिवों, अन्य उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सोमवार को सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राम धुन बजाई गई।

# मुज्जफरनगर गोली कांड के दोषियों पर कार्यवाही की मांग उठाई

नई टिहरी : उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारियों ने नई टिहरी में शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन के दौरान मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहा गोली कांड में शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी में सभी आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग की कि इस गोलीकांड के जिम्मेदार अधिकारियों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाए। और सभी चिन्हित आंदोलनकारियों को राज्य सेनानी घोषित किया जाए। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड सरकार से वादा निभाने की भी मांग करते हुए कहा कि उनकी मांगों को पूरा किया जाय। नई टिहरी स्थित शहीद स्थल को शीघ्र ही उत्तराखंड राज्य निर्माणकारी शहीद स्थल घोषित किया जाए। इसमें उत्तराखंड आंदोलन की प्रेरणा स्त्रोत स्व इंद्रमणि बडोनी की प्रतिमा स्थापित की जाए। इस अवसर पर सभी राज्य आंदोलनकारियों ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पंडित लाल बहादुर शास्त्री को देश को आजाद करने में उनके योगदान को याद करते हुए। उनकी प्रतिमाओं पर भी पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंदोलनकारी मंच के जिला अध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट ने की तथा संचालन उपाध्यक्ष देवेन्द्र नौडियाल ने किया। कार्यक्रम में मंच के संरक्षक विजय गुनसोला, महामंत्री किशन सिंह रावत, प्रवक्ता विक्रम सिंह कठैत, सचिव उत्तम तोमर, श्रीपाल चौहान, राज्य आंदोलनकारी राजेंद्र बहुगुणा, हरि कृष्ण लंबा, मान सिंह रौतेला, विजयपाल सिंह रावत, हरेंद्र तोपवाल, रविंद्र सेमवाल, राजपाल सिंह मियां आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

### खादी के साथ ही स्वदेशी अपनाने की अपील

चमोली : सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर भाजपाइयों ने खादी के उत्पाद खरीदकर बापू को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपाइयों ने खादी के साथ ही स्वदेशी अपनाने की अपील की। भाजपा नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत कर्ण मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया।

## पर्यावरण मित्रों को बांटी स्वास्थ्य किट

चमोली : नगर पालिका द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य किट का वितरण किया।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, ईओ गुरूदीप आर्य, सफाई निरीक्षक नितिन सती सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। वहीं नगर में तहसील, ब्लाक सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों और अन्य विभागों में गांधी और शास्त्री जयंती को धूमधाम से मनाया गया। यहां ध्वजारोहण के बाद स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। पीजी कालेज में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ सहित अन्य ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। (एजेंसी)

# सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना ही बापू को सच्ची श्रद्धांजलिः सीएम धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर गांधी पार्क, देहरादून में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया। भारत को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमें अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने के साथ ही मानवता के प्रति करूणा का भाव पैदा करना होगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री का भी स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और पद्म विभूषण श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें जय विज्ञान को जोड़ा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें जय अनुसंधान जोड़कर नये भारत का नारा 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान दिया है।

## एक नजर

### पुरानी पेंशन बहाली को कर्मचारी संगठन होंगे लामबंद

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली को सभी कर्मचारी संगठन लामबंद हो गए हैं। दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकाली गई रैली में उमड़ी भीड़ से कर्मचारी संगठन उत्साहित हैं। उत्तराखंड के भीतर कर्मचारी संगठन भी आंदोलन तेज करने जा रहे हैं। सरकार पर दबाव बनाने को लेकर राज्य में चरणबद्ध अभियान तेज किया जाएगा। दिल्ली से लेकर राज्य के भीतर पहले राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा और फिर राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन संगठन की रैली में कर्मचारियों की भीड़ जुटा कर केंद्र पर दबाव बनाया गया। इन दोनों संगठनों के बैनर तले राज्य के भीतर भी लगातार अभियान जारी हैं। एक अक्तूबर को ही काला दिवस मनाया गया। अब इन दोनों संगठनों के बैनर तले राज्य के कर्मचारी संगठन भी लामबंद भी हो गए हैं। एक अक्तूबर 2005 के बाद के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद पुरानी पेंशन बहाली की मुहिम में 2005 से पहले वाले कर्मचारी भी एकजुट हो गए हैं। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि अब केंद्र और राज्य सरकार को कर्मचारियों की ताकत को समझ लेना चाहिए। कई राज्यों के चुनावी नतीजे भी कर्मचारियों की इसी ताकत को अहसास कराने को काफी हैं।

### बलूनी डिफेंस एकेडमी के छात्रों ने संतला देवी में की सफाई

देहरादून। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अवसर पर सोमवार को बलूनी डिफेंस एकेडेमी के छात्र संतला देवी ट्रेकिंग के लिए गए। जहां ट्रेकिंग के बाद छात्रों ने आस–पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया । जिसमें उन्होंने कई किलो प्लास्टिक कंचरा सहित अन्य कचरा जमा किया। जो बाद में डंपिंग जोन भिजवाया गया। एकेडमी के प्रबंधक विपिन बलूनी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सफाई के साथ पर्यावरण संरक्षण के बारे में समझाना था। इस दौरान सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल पंकज नौटियाल भी मौजूद रहे।

# डीएम सोनिका ने दी कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी जी एवं शास्त्री जी को पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि

### –शहीद स्थल पंहुचकर शहीद राज्य आंदोलनकारियों के चित्र/प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किये





देहरादून। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर आज जिलाधिकारी सोनिका ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों /कार्मिकों के साथ गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इसके उपरान्त गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम......, रामधुन का गायन किया गया। जिलाधिकारी ने दोनो महापुरूषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने देश के लोगों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना सिखाया, अपने हक के लिए अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से लड़ने की प्रेरणा दी। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने देश को संकल्प शक्ति दी और अनाज उत्पादन के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाया। कहा कि हमे इन महापुरुषों के योगदान को याद करके कुछ सीखना चाहिए। उन्होनें कहा कि गांधी जी एवं शास्त्री जी के विचारों एवं आदर्शों को हमे अपने जीवन आत्मसात करने की आवश्यकता है, इन महापुरूषों के विचारों को अपने कार्यक्षेत्र में प्रयोग करने पर निःस्वार्थभाव से दृढसंकल्प होकर कार्य करने की उर्जा मिलती है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, नाजिर शिव भक्त बड़थवाल, प्रधान सहायक राजेन्द्र सिंह, रमेश भट्ट, इन्द्रेश कोठारी सहित कलेक्टेज्ट के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने दी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि



### – राजभवन में हुआ प्रार्थना सभा का आयोजन

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में भातखंडे संगीत महाविद्यालय देहरादून, के कलाकारों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन– ''वैष्णव जन तो तैने कहिये जे पीर पराई जानि रे'', ''श्री राम चन्द्र कृपालु भजुमन'' तथा ''रघुपति राघव राजा राम'' की संगीतमय प्रस्तुति दी गयी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने पूरी दुनिया के लिए सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं जिससे युवाओं को सीख लेने की जरूरत है। राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी सादगी व सरलता भरा जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि हमें इन महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर विकसित एवं विश्व गुरु भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य करना होगा।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, उप सचिव एन.के. पोखरियाल, अनु सचिव जी.डी. नौटियाल, वित्त नियंत्रक श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव व राजभवन के अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक उपस्थित रहे।



## डालनवाला में डॉ.बलबीर सिंह की 49 वीं बरसी मनाई

देहरादून। पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के उप कुलपति प्रो. अरविंद की अगुवाई में डॉ. बलबीर सिंह साहित्य केंद्र डालनवाला में डॉ. बलबीर सिंह का 49 वां बरसी समागम आयोजित किया गया। श्री सुखमनी साहिब के पाठ के पश्चात कंवर पाल सिंह के जत्थे ने गुरबाणी का भाव विभोर कीर्तन किया। डॉ. दिलबर सिंह सहायक डायरेक्टर युवक सेवाएं पंजाब सरकार ने सिंह सभा लहर के 150 साल स्थापना दिवस के विषय में विचार रखते हुए बताया कि जिस समय श्री गुरु सिंह सभा लहर का आरंभ हुआ उस समय सिख सिद्धांतों एवं मर्यादा की दृष्टि से सिखों में बहुत कमियां आ चुकी थी। इन कमियों को दूर करने के लिए सिंह सभा लहर ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया। सिख पुर्नजागृति का सराहनीय कार्य किया।

### विधायक ने किया प्रेमनगर विंग सात में सीसी सड़क का शिलान्यास

देहरादून । कैंट विधायक सविता कपूर ने प्रेमनगर विंग 7 में विधायक निधि के माध्यम से सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सविता कपूर ने कहा कि प्रेमनगर में अनेक गलियों का निर्माण इस बार कराया गया है। प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं। प्रेमनगर में अनेकों छोटी छोटी गालियां हैं, जहां सड़कों की हालत अत्यंत खराब है। प्रयास किया जा रहा जल्द ही सबका निर्माण पूर्ण हो। विंग 7 में भी सड़क कार्य का लोकार्पण होने के पश्चात लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग से भी प्रेमनगर में आंतरिक मागी का पुनिर्माण कार्य जल्द स्वीकृत हो जाएगा। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु गोगिया, विक्की खन्ना, संजय अरोड़ा, अशोक शर्मा, सुभाष सहगल, चांद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### उत्तराखंड ने कई क्षेत्रों में हासिल की उपलब्धियां : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि राज्य गठन के बाद उत्तराखंड ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य को देश का अग्रणी राज्य बनाने के भी प्रयास कर रही है। रामपुर तिराहा कांड की बरसी पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अवस्थापना विकास के क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। आज राज्य के हर गांव तक सड़क पहुंच गई है। पानी, बिजली जैसी जरूरी सुविधाएं भी गांव गांव पहुंचाई जा चुकी हैं।

## 80 वर्ष आयु पार कर चुके वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

**कोटद्वार** : अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। संगठन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि माता मंगला व भोले महाराज के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद दिनेश रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने संगठन द्वारा किए जा रहे जन सरोकार कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही माता मंगला और भोले महाराज की ओर से फिजियोथैरेपी करने के लिए प्रदान की गई तीन मशीनें भी संगठन के सुपुर्द की। कार्यक्रम में दुगड्डा ब्लाक के हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा के तीन-तीन मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर 15 दिव्यांग बच्चों को कंबल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष पीएल खंतवाल, महासचिव रिपुदमन सिंह बिष्ट, महेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र बिष्ट, केएस चौहान व विनोद नेगी सहित संगठन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# मुक्ति धाम की राह में गंदगी, समिति ने मांगी जन से माफी

**लाख शिकायत के बाद भी ट्रेंचिंग ग्राउंड की व्यवस्था नहीं सुधार रहा निगम**

**जयन्त प्रनिधि।**

**कोटद्वार** : खोह नदी के तट पर मुक्तिधाम के प्रवेश द्वार के समीप पड़ा कूड़ा लोगों के लिए मुसीबत बन रहा है। लाख शिकायत के बाद भी जब निगम ने इस पर संज्ञान नहीं लिया तो समिति को जनता से माफी मांगनी पड़ी। मुक्तिधाम समिति की ओर से धाम के प्रवेश द्वार पर 'आपकी राह में आने वाली यह गंदगी, जो हमारे निष्क्रिय जन प्रतिनिधियों के कारण बनी हुई है का पोस्टर चिपकाया गया है।

खोह नदी के तट पर बनें मुक्तिधाम (श्मशानघाट) में हर रोज शवदाह होते हैं। यही नहीं यहां स्थित काली मंदिर, शनि मंदिर, बगला मुखी मंदिर व गौशाला में हर रोज सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

लेकिन, मुक्तिधाम के प्रवेश द्वार पर ट्रेंचिंग ग्राउंड के नाम पर डाली जाने वाली गंदगी इन लोगों की राह में बाधा बन रही है। नतीजा दुर्गंध के कारण जहां मंदिर में भक्ति करना भी मुश्किल हो जाता है, वहीं, शव दाह करना भी एक चुनौती बन जाती है।



कोटद्वार के गाड़ीघाट स्थित मुक्तिधाम के प्रवेश द्वार पर सेवा समिति की ओर से लगाया गया पोस्टर

मुक्तिधाम सेवा समिति के अध्यक्ष लाजपत राय भाटिया ने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए कई बार शासन-प्रशासन व नगर निगम से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन, कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा।

### लापरवाही दिखाते हैं कर्मी

ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा चिह्नित स्थान से बाहर न आए, इसके लिए ट्रेंचिंग ग्राउंड के चारों ओर जाली लगाई गई है। लेकिन, सुबह के समय वाहनों से कूड़ा लेकर आने वाले सफाई कर्मी गंदगी को लापरवाही से कहीं भी डालकर चले जाते हैं। जिससे स्थिति काफी विकट हो जाती है। पूर्व में स्थानीय लोग भी ट्रेंचिंग ग्राउंड को आबादी से बाहर अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग उठा चुके हैं।

## गांधी व शास्त्री के विचारों पर चलने का लिया संकल्प



महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गढ़वाल सर्वोदय मंडल की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में गांधी व शास्त्री के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वयोवृद्धा गांधीवादी शशिप्रभा रावत ने कहा कि गांधी जी ने अस्पृश्यता को समाज का कलंक तथा घातक रोग माना। उन्होंने अस्पृश्यता निवारण अभियान चलाने की जरूरत की बात भी कही थी। कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी विश्व के प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक थे। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के संबध में वक्ताओं ने कहा कि वे सरलता, सादगी, ईमानदारी व सहजता की मूर्ति थे व फिजूल खर्ची के घोर विरोधी थे। उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा देकर जवानों व किसानों में नई ऊर्जा का संचार किया था। कार्यक्रम में सुरेंद्र लाल आर्य, गीता रावत शाह, नेत्र सिंह रावत, जनार्दन ध्यानी, सुदीप बौंठियाल, शूरबीर खेतवाल, विनय किशोर रावत, डा. शील सौरभ और कृष्णा सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# ध्वजा रोहण कर गांधी व शास्त्री के योगदान को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडाचौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया व दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व नगर निगम महापौर हेमलता नेगी ने दोनों महान विभूतियों के विचारों को याद किया। कहा कि गांधी जयंती हमें बापू के आदर्शों की याद दिलाती है। आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले बापू ने संपूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता का पाठ पढ़ाया, बल्कि जिंदगी जीने का सही तरीका भी सिखाया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का पूरा जीवन ही देश सेवा में बीता।



झंडाचौक में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को याद करते कांग्रेसी

सादगी, शालीनता और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी शास्त्री जी ने देश की सुरक्षा और संप्रभुता से कभी समझौता नहीं किया। अनाज के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने व हरित क्रांति लाने में भी उनका अहम योगदान है। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, महावीर सिंह, मीना बछवाण, विनीता भारती, प्रकाश लखेड़ा, राजा आर्य, आशुतोष वर्मा और राजा आर्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामलीला मंचन 15 से, तैयारियां जोरो पर

**पौड़ी** : 15 अक्तूबर से शुरू होने जा रही रामलीला मंचन की तैयारियां तेज हो गई हैं। रामलीला एवं सांस्कृतिक समिति पौड़ी इन दिनों कलाकारों को तालीम दे रही हैं। रामलीला मंचन को लेकर हर शाम को रामलीला थियेटर में कलाकारों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रामलीला में पात्रों के रिहर्सल की जिम्मेदारी मुख्य रूप से वरिष्ठ रंगकर्मी गौरी शंकर थपलियाल और मनोज रावत अंजुल को दी गई है। इसके अलावा संगीत पक्ष, वित्त व्यवस्था, मंच निर्देशन, प्रचार प्रसार, कला पक्ष, रूप सज्जा अन्य समितियों के बारे में भी जिम्मेदारियां बांट दी गई है। कमेटी के अध्यक्ष उमाचरण बड़थ्वाल ने बताया कि इस वर्ष भाव नृत्य के लिए कुछ विद्यालयों का चयन किया गया है, जिनके प्रधानाचार्यों से संपर्क कर सहमति लेकर बच्चों का सहयोग भी लिया जा रहा है।

# विद्यार्थियों ने निकाली कलश यात्रा, लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत की ओर से 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने सदैव देश हित को लेकर कार्य करने का भी संकल्प लिया।

सोमवार को विद्यालय परिसर में आसपास के क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को अमृत कलश यात्रा के महत्व के बारे में बताया। यात्रा के दौरान विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्र की मिट्टी व चावल कलश में लेकर चल रहे थे। इससे पूर्व प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को पंच प्रण की शपथ दिलवाई थी। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। इसलिए उन्हें अपना बेहतर भविष्य तय कर देश की उन्नति में अपना योगदान देना चाहिए।



पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में अमृत कलश यात्रा निकालते विद्यार्थी

उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता का भी संदेश दिया। कहा कि देश को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों के साथ ही आसपास के लोगों को स्वच्छता के बारे में बताना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करें।

## जर्जर पेयजल लाइन बदलने की मांग

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अपर कालाबड़ के वाशिंदों ने जर्जर पेयजल लइनों को बदलने की मांग की है। कहा कि क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों से पानी लीक होकर सड़क पर बहता रहता है। जिससे वार्ड वासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। वार्ड वासियों ने जल संस्थान व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समस्याओं के निराकरण की मांग की है। वार्डवासी सुनील कुमार, ऊषा देवी, मुन्नी देवी ने बताया कि उनके वार्ड में लोक निर्माण विभाग कालोनी के समीप स्थित नलकूप से पेयजल आपूर्ति की जाती है। लेकिन, जर्जर हो चुकी पेयजल लाइनों के कारण घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता। नतीजा वार्ड वासियों को पूरे दिन पानी की तलाश में भटकना पड़ता है। कहा कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुरानी पेयजल लाइनों को बदला जाना चाहिए।

## जयंती पर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

**कोटद्वार** : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत ने दोनों विभूतियों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी के नाम से विश्व पटल पर भारत का नाम जुड़ा है। उनके अहिंसा परमोधर्म आदर्श को पूरे विश्व ने आत्मसात किया है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान-जय किसान के नारे ने देश की प्रगति और रक्षा सूत्र का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, बलबीर सिंह रावत, नईम अहमद, विपिन डोबरियाल, केशर सिंह चौहान, शंकेश्वर सेमवाल, अनिल रावत, वीरेंद्र रावत और सुधा असवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बापू व शास्त्री को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**पौड़ी** : तहसील मुख्यालय धुमाकोट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी और शास्त्री जी को जयंती पर स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष मनीष सुंद्रियाल, पूर्व अध्यक्ष गोपाल रावत, पृथ्वीपाल पर्णवाल, ओमप्रकाश भदोला, रामनिवास, गबर सिंह बिष्ट, यशपाल रावत, सुरेंद्र बिष्ट, सतपाल रावत, नरेंद्र रावत, सत्येंद्र सिंह, बलजीत सिंह आदि मौजूद रहे। राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा, जीआईसी धुमाकोट, जीआईसी कोचियार, इंटर कॉलेज अदालीखाल, इंटर कॉलेज नैनीडांडा, जीआईसी हल्दूखाल सहित क्षेत्र के समस्त शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण कर बापूजी व शास्त्रीजी को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गई।

## सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल, रेफर

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत झंडीचौड़ में एक बाइक अनियंत्रित होने से पिता-पुत्र घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल पिता को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

घटना सोमवार की है। पूर्वी झंडीचौड़ निवासी सुदेश कुमार अपने पिता सतीश कुमार के साथ कोटद्वार बाजार की ओर आ रहे थे। इसी दौरान मोटाढांक के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से सुदेश के पिता गंभीर रुप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों व्यक्ति को निजी वाहन से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां सतीश कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्र नेता सक्रिय, कॉलेज प्रशासन ने शुरू की तैयारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : अक्तूबर महीने में होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर विभिन्न छात्र संगठनों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इन दिनों संभावित प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार तेज कर दिया गया है। सोशल मीडिया से लेकर पोस्टरबाजी छात्र नेताओं ने शुरू कर दी है। इसके अलावा कॉलेज में आने नए छात्रों को अपने पक्ष में करने में जुट गए है। कॉलेज प्रशासन भी चुनाव की तैयारियों में जुट गया है।

बीजीआर परिसर में युवा छात्र नेताओं ने छात्रसंघ चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इन दिनों कॉलेज परिसर राजनीतिक गतिविधियों से गुलजार हो गया। छात्र संघ संगठन से जुड़े नेताओं ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। छात्रसंघ चुनाव की मंशा पाले संभावित उम्मीदवारों ने कॉलेज परिसर से लेकर शहर की दीवारों में पोस्टर लगवाने शुरू कर दिए है। इसके साथ ही वे अपने पक्ष में माहौल बनाने लगे हुए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए वे छात्रों को रिझाने की भी कोशिश कर रहे हैं। वहीं एबीवीपी व एनएसयूआई समेत अन्य छात्र संगठनों से जुड़े छात्रों ने दावेदारी के लिए जोर अजमाइश करना शुरू कर दिया है। बीजीआर परिसर पौड़ी के निदेशक पीपी बडोनी ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव की तिथि गढ़वाल विवि श्रीनगर से तय की जानी है। जल्द चुनाव की तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। कॉलेज प्रशासन ने भी चुनाव की अपनी ओर से तैयारियां शुरू कर दी है।

# दीपक राजपूत बनें ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : श्री गुरु गोरखनाथ ई-रिक्शा यूनियन की नवीन कार्यकारणी का गठन करते हुए दीपक राजपूत को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

सोमवार को गोविंद नगर स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अधिवक्ता अरविंद वर्मा की देखरेख में कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दीपक, उपाध्यक्ष मनोज रावत, सचिव संजीव खंसूरी, कोषाध्यक्ष पंकज थापा को चुना गया।



आयोजित बैठक में भाग लेते सदस्य

नजीबाबाद चौराहे से संचालित होने वाले ई-रिक्शा की बेहतर व्यवस्था के लिए विजय थापा को मुंशी की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर प्रदीप कुमार, इमरान, आनन्द सिंह, पंकज, छोटे सिंह, देवेंद्र सिंह, आफताब, शैलेश, सुनील भारती, दीपक पाल, महिपाल, सतेन्द्र सिंह, कमल, सोहन, राम कुमार, प्रेम सिंह, कमल, बबलू पाल, दिनेश कुमार, विजय सिंह, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

# हाफ मैराथन में उज्जवल, सहदेव और सपना ने मारी बाजी

**सतपुली** : होली के हुल्यार और व्यापार मंडल सतपुली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हाफ मैराथन के पुरुष वर्ग में उज्जवल ने बाजी मारी। महिला वर्ग में सपना और अंडर-14 में सहदेव ने बाजी मारी। सतपुली बस अड्डे से शुरू हाफ मैराथन में महिला एवं अंडर-14 वर्ग में 12 किमी., जबकि पुरुष वर्ग में 18 किमी. की दूरी रखी गई थी। हाफ मैराथन में 84 वर्षीय वयोवृद्ध रणजीत सिंह रावत एवं 70 वर्षीय गंगा सिंह बिष्ट ने भी प्रतिभाग कर दौड़ पूरी की। सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी, प्रशस्ति पत्र, मैडल एवं नगद धनराशि प्रदान की गई।

हाफ मैराथन को गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाफ मैराथन के पुरुष वर्ग की 18 किमी. दौड़ को उज्जवल रावत ने (1.15 घटें ) में पूरा कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि अमन डोबरियाल दूसरे और विशांत रावत तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 12 किमी. दौड़ में सपना (1.08 घंटे), सुनीता और प्रियंका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 वर्ग की 12 किमी. हाफ मैराथन में सहदेव (53 मिनट), युवराज (58 मिनट) और हिमांशु (1 घंटा) क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजना वर्मा, तहसीलदार सतपुली सुधा डोभाल, ईओ नगर पंचायत सीमा रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, डीसीबी निदेशक नरेंद्र सिंह नेगी, उम्मेद सिंह रावत, मनीष खुगशाल, रणधीर सिंह नेगी, डबल सिंह मिंया आदि मौजूद थे।



गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

## जयन्ती पर महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, जिला न्यायालय परिसर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला न्यायालय में जिला जज आशीष नैथानी ने महात्मा गांधी व पूर्व सीएम लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। डीएम कार्यालय में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पौड़ी की छात्राओं द्वारा गांधी जी के प्रिय भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। जिले के सभी कार्यालयों, संस्थानों, तहसीलों, विकासखंडो व स्कूलों में विभागाध्यक्षों व जन-प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने के साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजनों का गायन भी किया गया।

# श्री बद्री केदार फुटबॉल क्लब कोटद्वार के नाम रही फुटबॉल प्रतियोगिता

**कोटद्वार** : लैंसडौन फुटबॉल संघ की ओर से आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का मुकाबला श्री बद्री केदार फुटबॉल क्लब कोटद्वार के नाम रहा।



गांधी जयंती के उपलक्ष पर केंद्रीय विद्यालय के खेल मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला श्री बद्री केदार फुटबॉल क्लब कोटद्वार और बोका जूनियर्स लैंसडाउन के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सेवानिवृत्त कर्नल चंद्रपाल पटवाल, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कोटद्वार की टीम से युवा खिलाड़ी शौर्य भंडारी और सिद्धांत रावत ने गोलकर टीम को 2-0 के बढ़त दिला दी। जवाबी हमले करते हुए बोका जूनियर की तरफ से अरुण रावत और विजयपाल रावत के दो शानदार गोलों ने मध्यांतर से पूर्व स्कोर बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीम बदली रणनीति के साथ उतरी और अंतिम क्षणों में कोटद्वार के साहिल रावत ने गोलकर जीत पर मोहर लगा दी। तृतीय स्थान के लिए मुकाबला केंद्रीय विद्यालय लैंसडाउन और भारत फुटबॉल अकादमी कोटद्वार के मध्य खेला गया। जिसमें टाई ब्रेकर में अनिरुद्ध, जखमोला ने बेहतरीन गोल रक्षण की बदोलत 4-2 से यह मुकाबला केंद्रीय विद्यालय ने जीत लिया। फुटबॉल संघ के संरक्षक पूर्व खिलाड़ी वार्ड मेंबर राजेंद्र राणा ने बोका जूनियर्स के धीरेंद्र चंद को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में और विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

# सोमेश्वर से भटक कर अल्मोड़ा पहुंची गुमशुदा को स्माईल टीम ने किया परिजनों के सुपुर्द



अल्मोड़ा। सोमेश्वर से अल्मोड़ा पहुँची महिला को स्माईल टीम ने परिजनों के सुपुर्द किया। रविवार रात्रि में अल्मोड़ा पुलिस की स्माईल टीम को एक महिला अल्मोड़ा में भटकती हुई मिली, जो मानसिक रुप से कमजोर प्रतीत हो रही थी टीम द्वारा पूछताछ करने पर घर/परिजनों के बारे में कुछ भी नही बता रही थी। सोमवार को ऑपरेशन स्माईल टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश सिंह परिहार के नेतृत्व में स्माईल टीम द्वारा उक्त महिला के सम्बन्ध में जानकारी जुटाई गई तो महिला का सोमेश्वर क्षेत्र का होना ज्ञात हुआ, जिस पर स्माईल टीम द्वारा उक्त महिला को अपने साथ उसके घर ले जाकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा भविष्य में अपनी बेटी का ध्यान रखने हेतु उचित हिदायत दी गई। ऑपरेशन स्माइल टीम में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह परिहार टीम प्रभारी , हैड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल सुरेश गिरी, महिला कांस्टेबल मोनिका जोशी शामिल रहे।

## सहकारिता विभाग ने किसानों को दिया ऋण

चम्पावत। सहकारिता विभाग की ओर से चांदमारी बहुउदेशीय साधन सहकारी समिति और धरमघर समिति की बैठक हुई। जिसमें दोनों समिति ने किसानों को करीब सात लाख रुपये का ऋण दिया। लोहाघाट ब्लॉक सभागार में अपर जिला सहकारी अधिकारी कमला मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को विभिन्न जानकारियां दी गई। उन्होंने न्याय पंचायत भुमलाई और कोलीढेक को सहकारिता विभाग की ओर से किसानों के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही समिति के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त कार्यो समिति का वार्षिक आय–व्यय लाभांश लाभ हानि, कुक्कुट पालन, पाली हाउस, उर्वरक एवं नैनो यूरिया आदि के बारे में बताया।

# मेयर रामपाल ने लिया अंगदान का संकल्प



रुद्रपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मेयर रामपाल सिंह ने अंगदान का संकल्प लिया है। मेयर ने अंगदान का फार्म भरते हुए मरणोपरांत अपने सभी जरूरी अंगों को दान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अंगदान सबसे बड़ा पुण्य है।

मृत्यु के बाद शरीर के अंग किसी के काम आ जाएं तो इससे बड़ा पुण्य कुछ और नहीं हो सकता। मेयर ने लोगों से भी अंगदान का संकल्प लेने का आह्वान किया है। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडेय, पार्षद प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान, भुवन गुप्ता, सुनील ठुकराल आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम शास्त्री को किया नमन



रुद्रपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान बापू के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। ब्लॉक में प्रमुख कमलजीत कौर, नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे, उपजिलाधिकारी कार्यालय में एसडीएम तुषार सैनी, कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने गांधी और शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। यहां एसएसआई हरविंदर कुमार, एलआइयू इंचार्ज भास्कर बडोला आदि मौजूद रहे। भाजपा कार्यालय में कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, भाजा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, आदेश चौहान, जीएस बेदी, राजू नागदली, अमित रस्तोगी, अरविंद चौरसिया, नवीन भट्ट, सतीश उपाध्याय मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता और पूर्व पीएम शास्त्री की जयंती मनाई। यहां नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, करन जंग, हरपाल सिंह, वसीम मियां मौजूद रहे। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर व राइंका के अलावा नगर के जयपुरिया स्कूल, एसएम पब्लिक स्कूल, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, मोहिंदर सिंह मेमोरियल स्कूल, राजकीय महाविद्यालय, डॉ. सुशीला तिवारी महाविद्यालय में भी जयंती मनाई गई।

## चेक बाउंस के दोषी को तीन माह की सजा

काशीपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट/द्वितीय एसीजे की अदालत ने चेक बाउंस के दोषी को दो माह के कारावास और 2.20 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

मानपुर रोड निवासी पलविंदर सिंह ने अपने अधिवक्ता मुजीब अहमद के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। कहा, कि धान बेचने का झांसा देकर कनौरा, बाजपुर निवासी अमीर दुल्ला ने 04 अक्टूबर 2020 को उससे दो लाख रुपये एडवांस ले लिए, लेकिन फसल आने पर उसने धान की सप्लाई नहीं की। 21 दिसंबर, 2020 को उसने दो लाख रुपये की राशि का चेक दिया, जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया।

# अल्मोड़ा पुलिस व एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने सल्ला क्षेत्र में अवैध भांग की फसल की नष्ट



अल्मोड़ा। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देशन में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा 'ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025' के तहत जनपद को नशा मुक्त बनाने हेतु नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं।

सोमवार को क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार, प्रभारी चौकी एनटीडी बिशन लाल, प्रभारी एएनटीएफ सौरभ कुमार भारती द्वारा संयुक्त पुलिस टीम को साथ लेकर अल्मोड़ा के सल्ला क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध भांग को नष्ट किया गया। ग्रामीणों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए अपने आस–पास उगी भांग को स्वंय नष्ट करने हेतु प्रेरित किया गया।

# सत्य–अहिंसा के लिए पूरे विश्व के प्रेरणास्रोत हैं गांधी



रुद्रपुर। ऊधमसिंह नगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कलक्ट्रेट में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। डीएम उदयराज सिंह ने कहा कि हमें महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसावादी विचारों के लिए पूरे विश्व के प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने रघुपति राघव राजाराम की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान एडीएम अशोक कुमार जोशी, जय भारत सिंह, गौरव पांडेय, डॉ. अमृता शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं जिला एवं महानगर कांग्रेस की ओर से गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, गोपाल भसीन, पवन वर्मा, ममता रानी, सुनील आर्या आदि रहे।

## हिजामं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ पत्रक बांटे

काशीपुर। हिंदू जागरण मंच ने बैठक कर भ्रष्टाचार के खिलाफ पत्रकों का वितरण किया। सोमवार को धर्मशाला परिसर में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

साथ ही 4–13 अक्तूबर तक भ्रष्टाचार के पुतले दहन करने का निर्णय लिया। इस दौरान नगर कार्यकारिणी का विस्तार कर दीपक गहलोत, रूपेश कुमार को नगर कार्यकारिणी का सहसंयोजक, दीपक कुमार को मीडिया प्रमुख, महावीर सिंह को सदस्य मनोनीत किया।

# पिथौरागढ़ के 40 बाल वैज्ञानिकों का राज्य स्तर के लिए चयन

पिथौरागढ़। सीमांत बाल विज्ञान महोत्सव में 40 बाल वैज्ञानिकों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। मानस एकेडमी में आयोजित महोत्सव में 320 बाल वैज्ञानिकों और 160 मार्गदर्शक अध्यापकों ने हिस्सा लिया। चयनित बाल वैज्ञानिक 9 व 10 अक्टूबर को चमोली में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। शहर से अधिक ग्रामीण इलाको के बाल वैज्ञानिकों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जिला स्तरीय बाल विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ एसएसजे के पूर्व कुलपति प्रो.नरेंद्र सिंह भंडारी ने दीप जलाकर किया। विज्ञान महोत्सव में आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी के जूनियर वर्ग में राघव कफलिया ने पहला,नीलेश ने दूसरा, अमन मेहरा ने तीसरा स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में खजेंद्र सिंह ने प्रथम, साधना कश्यप ने द्वितीय, मुस्कान कापडी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान जूनियर पोस्टर प्रतियोगिता में अनुश्रेया चंद ने पहला,दीक्षा ने दूसरा, सुमन धामी ने तीसरा स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में हिमांशु कुमार ने प्रथम, कार्तिक कार्की ने दूसरा, पूजा विश्वास ने तीसरा स्थान हासिल किया। कविता पाठन अंग्रेजी के सीनियर वर्ग में आशु कुमारी ने पहला, खुशी बिष्ट ने दूसरा,सुजल ऐरी ने तीसरा स्थान हासिल किया। कविता पाठन हिन्दी के जूनियर वर्ग में निशा भट्ट ने प्रथम, कमलेश कुमार ने द्वितीय, दिव्यंका शाही ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# जनपदभर में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई





अल्मोड़ा। जिला कार्यालय अल्मोड़ा समेत जनपदभर में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूम धाम से मनाई गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट एवं विकासभवन सहित सभी कार्यालयों में समस्त स्टाफ द्वारा दोनों महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे तथा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के देश में किए गए योगदान को याद किया गया। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके विचारों एवं आदर्शों का पालन करते हुए उनके मूल्यों को अपने जीवन में उतारना ही उनको सच्ची एवं अच्छी श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान एवं तत्कालीन परिस्थितियों में बहुत अंतर है, तथा उन विषम परिस्थितियों का सामने करते हुए गांधी जी एवं शास्त्री जी ने देशहित में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हमें भी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का पालन करते हुए देश हित में कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने समस्त जनपदवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात भजन कीर्तन कर बापू के प्रिय भजनों को सामूहिक रूप से गाया गया। उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा ने भी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नंदा देवी मंदिर परिसर से लेकर मुख्य बाजार से होते हुए चौघानपाटा तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमे गणमान्य व्यक्तियों, जिला प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों से आए छात्र /छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक एवं स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने देशभक्ति गीतों, नारों एवं गाजे बाजे के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया। प्रभात फेरी का समापन चौघानपाटा में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

# शांतिपुरी में धूमधाम से मनाई गांधी जयंती



रुद्रपुर। सोमवार को शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन समेत आसपास के सभी स्कूलों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनायी।

पंचायत भवन शांतिपुरी नंबर दो में आशा और आंगनबाड़ी वर्करों के साथ प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा ने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आदर्श विद्यालय राजकीय इण्टर कालेज शांतिपुरी में प्रधानाचार्य एनबी चंद, सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल शांतिपुरी सत्संग आश्रम में प्रबंधक प्रमोद वर्मा, ग्रेट मदर टेरेसा स्कूल में प्रबंधक गणेश चंद, गांधी स्मारक निधि उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी आश्रित दिग्विजय सिंह खाती, हीरावती माध्वानंद सीनियर सेकेंड्री स्कूल में प्रधानाचार्य राजेश शर्मा व राजकीय कन्या हाईस्कूल शांतिपुरी में प्रधानाध्यापिका बृजेश गुप्ता ने विद्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर रंगारंग कार्यक्रमों की शुरुआत की।

## महिला किक बॉक्सिंग में चम्पावत से झटके आठ स्वर्ण

चम्पावत। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं एमेच्योर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन उत्तराखंड की ओर से देहरादून में किक बॉक्सिंग लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चम्पावत की खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण समेत कुल 14 पदक जीते। प्रतियोगिता में पूजा महर, नेहा जोशी, निष्ठा नेगी, पूनम भण्डारी, साक्षी भंडारी, अनामिका बिष्ट और शीतल अधिकारी ने स्वर्ण पदक, महक बिष्ट आकांक्षा मुरारी ने रजत और अंशिका धामी, मान्या मुरारी, अदिति थ्वाल और दिया फत्र्याल ने कांस्य पदक जीत चम्पावत जिले का नाम रोशन किया है। चम्पावत जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव अमन सिंह रावत ने बताया कि इसी वर्ष किकबॉक्सिंग खेल को भारत सरकार द्वारा खेलों इंडिया कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

# मुस्लिम यूथ मोर्चा ने अफसर–कर्मचारियों को किया सम्मानित



रुद्रपुर। उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा ने जुलूस–ए–मोहम्मदी में बेहतर व्यवस्था पर खुशी जताते हुए एसडीएम व सीओ समेत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। सोमवार को कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मोर्चा के अध्यक्ष दानिश इकबाल अहमद ने कहा कि प्रशासन ने अमन और शांति व्यवस्था में योगदान देते हुए जुलूस–ए–मोहम्मदी में अपनी जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से पूरा किया है।

उन्होंने एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा और पुलिस क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश को पूरी टीम के साथ बधाई दी। मोर्चा ने एसडीएम, सीओ समेत तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, एसएसआई विनोद फर्त्याल, एलआईयू एसआई भूपाल नेगी, एसआई दीवान सिंह बिष्ट, विजय कुमार, मनोज कुमार, दिनेश चंद्र भट्ट आदि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान जावेद मलिक जक्कू, खालिद इकबाल, अब्दुल रशीद जक्कू, एम रहमान अंसारी, जफर अंसारी, हारून खान, आर्शिल मलिक, तस्लीम खान, सैयद शाहबाज, मो. शोएब, इसरार खान, मो. नाहिद, तौकीर सकलैनी, इशाकत अली आदि मौजूद रहे।

# वैष्णव जन तो तेने कहिये जे....पीर परायी जाणे रे

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर दी श्रद्धांजलि



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : वैष्णव जन तो तेने कहिये जे....पीर परायी जाणे रे... राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के इस प्रिय भजन के बोल उनकी जयंती के अवसर पर जनपद भर में गूंजे। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं केदारनाथ में जिला प्रशासन की टीम ने माल्यार्पण कर दोनों महापुरुषों को याद किया। इसके अलावा सभी सरकारी एवं निजी कार्यालयों में ध्वज फहराया गया एवं गांधी जी के भजनों का गायन कर उनके जीवन मूल्यों को याद किया गया।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जनपद भर के संस्थानों में उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण करते हुए माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद रामधुन का भी गायन हुआ। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती पर हम सब संकल्प लें कि सरकार के स्वच्छता अभियान में स्वयं के योगदान देने के साथ अपने परिवार, पास-पड़ोस के लोगों को प्रेरित करेंगे। विभिन्न कार्यक्रमों में वक्ताओं ने गांधी जी के जीवन को याद करते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने का आह्वान किया। साथ ही उनके विचारों को अमल में लाने का आह्वान किया गया। स्कूल, सरकारी कार्यालयों व स्वयं सेवी संस्थाओं ने विभिन्न जगहों पर साफ-सफाई कर गांधी जी व सरकार के स्वच्छ भारत के सपनों को साकार करने में अपना योगदान दिया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी बीर सिंह बुदियाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डीएस रौतेला, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आरएस बिष्ट, व्यैक्तिगत सहायक ओम प्रकाश बिष्ट, सौरभ असवाल, एएलआरओ पुष्कर सिंह राणा, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित रावत, एलबीसी रोबिन सिंह नेगी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गांधी व शास्त्री की जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज पुरियाडांग में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एव पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा गांधी जी के प्रिय भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मुख्य अतिथि पीएलवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने कहा कि महात्मा गांधी समाज सुधार की मिसाल थे। उन्होंने जीवन में व मूल्य स्थापित किये। जिनके कारण उन्हें राष्ट्र पिता के रूप में माना जाने लगा। इसी तरह से शास्त्री ने जीवन में देश व जन सेवा को अपना लक्ष्य बनाकर राजनीति की। इस दौरान बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुनियाल ने बापू एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महापुरुषों के जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष जसवीर रावत, आरपी नैथानी, राकेश रावत, स्कॉट गाइड के जिला सचिव राकेश भारती, विनय चौधरी, केके आर्य आदि मौजूद थे।

# शहीद आंदोलनकारियों को दी श्रद्धाजंलि

नई टिहरी : प्रगतिशील जन मंच व राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहे में शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जनमंच के अध्यक्ष अनिल स्वामी ने इस घटना को लेकर राज्य के निवासियों को न्याय न मिलने के विरोध में उपवास भी किया। उन्होंने कहा कि 26 वर्ष बाद भी इस घटना के दोषियों को सजा नहीं मिल पाई है, जो उत्तराखंड वासियों के साथ घोर अन्याय है। पौड़ी अड्डा स्थित पीपलचौरी में इस मौके पर जन मंच की ओर से श्रीनगर की समस्याओं के समाधान को लेकर 31वें दिन भी धरना दिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि श्रीनगर की समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार धरना दिया जा रहा है, लेकिन उनके समाधान की ओर से प्रशासन व नगर निगम का ध्यान नहीं है। जिसका भुगतभोगी आम जनता को बनना पड़ रहा है। इस मौके पर अनिल स्वामी ने कहा कि सोमवार को सायं के समय पीपलचौरी से गोला पार्क तक रैली निकाली गई व मुजफ्फरनगर, रामपुर तिराहा कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अनिल दत्त तिवारी, अर्जुन सिंह बिष्ट, नन्द लाल जोशी, भगवती प्रसाद पुरी, बीपी डोभाल, शक्ति प्रसाद कगड़ियाल, हरि प्रसाद उप्रेती, मुकेश अग्रवाल, गायत्री थपलियाल, हेमंती नेगी, द्वारिका सिंह पंवार, सिद्धि लाल, कुंवर सिंह चौहान, दिनेश पंवार, गिन्नी देवी सेमवाल, अरुण नेगी, रोटरी क्लब के ब्रजेश भट्ट, खिलेंद्र चौधरी, आरएस रावत, शिव सिंह रावत, उमेश चंद्र शर्मा, संजय भाई फौजी, राजेंद्र रावत, अभिषेक आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 3.79 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : श्रीनगर पुलिस ने 3.79 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी बाजार कीमत 65 हजार रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद में नशीले मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की बढ़ती प्रवृति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाकर धर पकड़ करते हुये वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। कोतवाली श्रीनगर पुलिस टीम ने गत रविवार देर सांय दौराने चैकिंग व गस्त, एनआईटी ग्राउंड श्रीनगर के पास से नशा तस्कर अनुराग भाकुनी पुत्र अरविंद भाकुनी निवासी न्यू डांग, थाना श्रीनगर को 3.79 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध कोतवाली श्रीनगर पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर किया याद

## महापुरुषों के जीवन आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस पूरे जनपद में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी राजकीय भवनों, कार्यालयों एवं संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। गांधी जयंती के अवसर पर जिला कारागार पुरसाडी में कैदियों, जिला चिकित्सालय में मरीजों और वृद्धाश्रम में निराश्रित बुजुर्गो में फल वितरित किए गए। दशोली ग्राम स्वराज मण्डल गोपेश्वर संस्थान सगर में ऊन कताई कार्यक्रम हुआ। खेल विभाग द्वारा अंडर-14 आयु वर्ग में कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं के विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में भी गांधी जी के जीवन दर्शन पर विविध कार्यक्रम हुए।

जिला कार्यालय परिसर में अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने बापू जी व शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण किया। इस दौरान बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन कर उन्हें याद किया गया। बापू एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महापुरुषों के जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। क्लेक्ट्रेट परिसर एवं शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जयंती हमें बापू के आदर्शों की याद दिलाती है। आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले बापू ने संपूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिदंगी जीने का सही तरीका भी सिखाया। बापू ने स्वच्छ भारत का सपना देखते हुए अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। आज बदलती जीवनशैली में स्वच्छता के लिए हमें बापू के आदर्शों पर चलना चाहिए। इस दौरान मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बापू और शास्त्री जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंगला कोठियाल, सोनला के सरपंच राजेन्द्र सिंह रावत, पूर्व प्रधान भक्ति देवी, विनय सेमवाल, ओम प्रकाश भट्ट, अब्बल सिंह नेगी समेत एक दर्जन से अधिक लोगों ने बात रखी।

# गांधी जयंती पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

चमोली : गांधी जयंती पर नगर पंचोलो थराली एव स्कूली बच्चो ने प्रभात फेरी निकाली जिसमे प्रशासन के आला अधिकारी सहित नगर पंचायत के नागरिकों ने भी भाग लिया। सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत थराली में नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा भारती ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान नगर पंचायत के ब्रांड एम्बेसडर रमेश चन्द्र थपलियाल एव नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी टंकार कौशल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एव पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया गया। गांधी जयंती के अवसर पर थराली तहसील के विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चों, आम नागरिकों ने स्वच्छता पर रैली निकाली। इस दौरान कई बच्चे महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री एव भीमराव अंबेडकर की भेष भूषा पहने रैली के साथ चल रहे थे, जो रैली के आकर्षण के केंद्र बने रहे। इन बच्चों के साथ सेल्फी लेने की होड़ सी स्थानीय लोगो के साथ दिखाई दी। रैली को थराली के विधायक भूपालराम टम्टा ने राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर रवाना किया। निकाल गांधी जी को स्मरण किया। स्वच्छता रैली में आम नागरिकों के साथ–साथ उपजिलाधिकारी थराली रविन्द्र जुवाठा, तहसीलदार प्रदीप नेगी, नगर प्रशासन के कर्मचारी और राजकीय इंटर कॉलेज थराली के प्रधानाचार्य महिपाल सिंह फर्श्वान, एनसीसी के कैप्टन मनोज विल्जवान आदि सम्मलित थे। (एजेंसी)

# आईटीआई में शुरू हुई नल जल मित्र योजना

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) श्रीनगर में भारत सरकार के नल जल मित्र योजना का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर संस्थान के संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण) अनिल सिंह ने अभ्यर्थियों को इस रोजगारपरक आवासीय लघु अवधि प्रशिक्षण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अभ्यर्थियों को स्किल इंडिया पोर्टल पर पंजीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि पंजीकृत अभ्यर्थियों को संस्थान स्तर पर तैयार किए जा रहे प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। कहा अभ्यर्थियों की चयन सूची जिला पंचायती राज अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।

इस मौके पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बीर सिंह रावत, अनुदेशक ओम प्रकाश नौटियाल के अलावा नल जल मित्र योजना के क्रियान्वयन हेतु संस्थार स्तर पर गठित समित के सदस्य चंद्रशेखर, गोविंद राम रतूड़ी, राकेश भूषण के साथ ही रविंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे। मौके पर राष्ट्रपित महात्मां गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई। (एजेंसी)

# उत्तरकाशी की टीम ने राज्य स्तरीय चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की

नई टिहरी : बौराड़ी स्टेडियम में टिहरी बेसबॉल एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय बेसबॉल चैंपियनशिप का समापन हो गया।

प्रतियोगिता में उत्तरकाशी की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। सोमवार को बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित बेसबॉल चैंपियनशिप का समापन मुख्य अतिथि पूर्व कनि. प्रमुख कुलदीप पंवार, विशिष्ट अतिथि मोहन सिंह रावत ने किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पहले लीग मैच में टिहरी ने पौड़ी को 12-6 तथा दूसरे लीग मैच में देहरादून ने हरिद्वार को 10-6 के अंतर से हराया।

पूल बी से टिहरी और हरिद्वार तथा पूल ए से उत्तरकाशी और पौड़ी सेमीफाइनल में पहुंचे। पहला सेमीफाइनल टिहरी और पौड़ी के बीच खेला गया, जिसमें टिहरी की टीम ने पौड़ी को 14-8 के अंदर से तथा दूसरे सेमीफाइनल में उत्तरकाशी ने हरिद्वार को 10-7 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में उत्तरकाशी ने टिहरी को 13-10 से हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

इस मौके पर उत्तराखंड बेसबॉल संगठन अध्यक्ष विमल हरनाल, आयोजक सचिव सतीश आनंद, नागरिक मंच के कमल सिंह महर, चंडी प्रसाद डबराल, संजीव जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष कमल नयन रतूड़ी, जोगिंदर चौहान, राजपाल सिंह मियां, मनोज नेगी, रविंद्र सेमवाल, सतवीर चौहान, सुशील चौहान आदि उपस्थित रहे।

**(एजेंसी)**

## एक किलो 510 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कुल्हाल पुलिस ने चरस तस्करी के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक किलो 510 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत कुल्हाल चौकी पुलिस ने रविवार देर रात को तलाशी अभियान के दौरान गुर्जर बस्ती कुंजाग्रांट से एक आरोपी को एक किलो पांच सौ दस ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी हैदर उर्फ लगंडा पुत्र सईद, निवासी कुंजाग्रांट के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। सीओ विकासनगर भाष्कर लाल शाह ने पत्रकार वार्ता में मामले का खुलासा करते हुए कहा कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपी को कोर्ट न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## 156 लोगों ने उठाया दंत चिकत्सा शिविर का लाभ

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इसमें 156 लोगों ने दंत चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। सोमवार को परमार्थ निकेतन के स्वामी शुकदेवानन्द चैरिटेबल अस्पताल में सीमा डेंटल कॉलेज के सहयोग से दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहुंचे परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल पाता है। उन्होंने सेवा कार्य के लिये चिकित्सकों की सराहना की। सीमा डेंटल के प्रिंसीपल डॉ. हिमांशु एरन ने कहा कि दंत रोग से बचाव को आवश्यक जानकारियां दी। मौके पर डा. अवनीश सिंह, गंगा नन्दिनी, स्वामी सेवानन्द, डा. वरूण कुमार, डा. अर्यमा बडोला, डा. दिनेश चन्द्रा, डा. काजल, डा शुभम सिंह, डा. आशीष कुमार, डा. श्रद्धा, डा. अरविंद, डा. अंकिता, डा. आशी, प्रेमराज आदि उपस्थित रहे।

## हिमालयन एफसी, आरआईएमसी और नकरोंदा ने जीता फुटबॉल मैच

देहरादून। देहरादून फुटबाल एकेडमी और खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से आयोजित दून कप स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप–2023 के अंडर–12 वर्ग में आरआईएमसी, अंडर–17 नकरोंदा एफसी और 45 प्लस में हिमालयन एफसी ऋषिकेश ने जीत दर्ज की। देहरादून के लाला मान सुमरथ दास मेमोरियल पवेलियन फुटबाल ग्राउंड में सोमवार को फाइनल मुकाबले खेले गए। फुटबाल एकेडमी के संस्थापक अध्यक्ष विरेंद्र सिंह रावत ने बताया की अंडर–12 का फाइनल आरआईएमसी और विल्स युथ क्लब देहरादून के बीच खेला गया। इसमें आरआईएमसी ने 1–0 के अंतर से जीत दर्ज की। टीम के लिए आयुष ने एक गोल दागा। अंडर–17 में नकरोंदा एफसी देहरादून ने आरआईएमसी को पेनल्टी में 3–2 से शिकस्त दी।

# बलिदान दिवस पर शहीद राजेश नेगी को किया याद



ऋषिकेश। डोईवाला में उत्तराखंड आंदोलनकारी शहीद राजेश नेगी के बलिदान दिवस पर कांग्रेस और भाजपा ने कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में स्व. राजेश नेगी को श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया गया। सोमवार को अठूरवाला में उत्तराखंड आंदोलनकारी शहीद राजेश नेगी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्व. राजेश नेगी की प्रतिमा पर सभी ने पुष्प अर्पित किए। कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि राजेश नेगी ने पूरे डोईवाला क्षेत्र का नाम रोशन किया। नगर कांग्रेस के अध्यक्ष करतार नेगी ने कहा कि उत्तराखंड प्राप्ति के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्व. राजेश नेगी का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उत्तराखंड आंदोलनकारी मनोज नौटियाल ने कहा कि राजेश नेगी का बलिदान हम सब को याद रखना चाहिए। कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी रहे गौरव सिंह ने सरकार से राजेश नेगी के नाम से पार्क बनाने की मांग की। मौके पर सागर मनवाल, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, रानीपोखरी मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार, नगर उपाध्यक्ष सुरेंद्र मुंड़ानी, नगर सचिव रोहित नेगी, नगर महासचिव यशवंत गुसाईं, लता गुसाईं, अनिरुद्ध नेगी, लक्ष्मण पटवाल, मनोज पटवाल, नगर महासचिव आशीष मनवाल, नगर कार्यालय प्रभारी चन्द्रप्रकाश काला, आशीष राणा, अजय रावत, शुभम काम्बोज, अंकित मनवाल, बालू सजवान, सुमित पटवाल आदि मौजूद रहे। उधर, अठुरवाला स्थित स्मारक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्व. राजेश नेगी को श्रद्धांजलि दी।

## योग अनुदेशकों ने समस्याओं के निस्तारण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला आयुवेदिक एवं यूनानी विभाग के योग अनुदेशक संघ ने सांसद गढ़वाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत से समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। उन्होंने योग अनुदेशक सेवा नियमावली आदि को लेकर भी सांसद से वार्ता की।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग ने सांसद गढ़वाल को ज्ञापन दिया। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष विजय रतूड़ी ने सांसद से सभी जिलों में तैनात योग अनुदेशकों को समय पर वेतनमान देने, मानदेय में वृद्धि करने, केंद्र व राज्य सरकार के अधीन विभागीय संविदा करने, यात्रा भत्ता देने सहित 7 सूत्रीय मांग हल करने की मांग उठाई।

# मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहा कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी



ऋषिकेश। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने कार्यक्रम आयोजित कर मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहा कांड के शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। सोमवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने नगर निगम परिसर स्थित स्व. इंद्रमणि बडोनी हाल में आयोजित बैठकमें मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहा कांड के शहीदों को याद किया। राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि दो अक्तूबर 1994 में उत्तराखंड आंदोलन के दौरान अहिंसात्मक ढंग से आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने बेरहमी से गोलियां और लाठियां चलाईं। इसके चलते कई आंदोलनकारियों की जान चली गई। उस काले दिवस को उत्तराखंड की जनता कभी भूल नहीं सकती। उन शहीदों के बलबूते उत्तराखंड राज्य का गठन हो पाया, लेकिन उत्तराखंड राज्य बनने के 23 वर्ष बाद भी राज्य आंदोलनकारियों के सपने पूरे नहीं हो पाए हैं। उत्तराखंड में भू माफिया, शराब माफिया, खनन माफिया जगह–जगह कब्जा बनाए हुए हैं। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर वेद प्रकाश शर्मा, डीएस गुसाई, गंभीर मेवाड़, बलबीर सिंह नेगी, विक्रम भंडारी, संजय शास्त्री, जय सिंह रावत, चंदन सिंह पंवार, जगदंबा भट्ट, बाला दत्त पांडे, युद्धवीर सिंह चौहान, रुक्कम सिंह पोखरियाल, सत्य प्रकाश जखमोला, संजय पोखरियाल, जयेंद्र रमोला, राकेश मियां, बृज बहुगुणा, एडवोकेट राजेंद्र भंडारी, वीरेंद्र नौटियाल, आशु डंगवाल, उर्मिला डबराल, प्रेम नेगी, मुन्नी ध्यानी, शकुंतला नेगी, राजेश्वरी कंडवाल, पूर्णा राणा, सरला नेगी, राजेश्वरी मनोरी, गुड्डी डोभाल, अंजू गैरोला, सरोजिनी रावत, सुशीला कंडवाल आदि उपस्थित रहे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान् सिविल जज सीनियर, महोदय कोटद्वार गढ़वाल**

**उत्तराधिकार वा0सं0- 3/2023 सन् / 2023**

प्रार्थिनी रश्मि कुकरेती पत्नी स्व0 भूपेन्द्र कुकरेती, निवासी वार्ड नंबर 12, बद्रीनाथ मार्ग, नजदीक आंखों का अस्पताल, कोटद्वार] पौड़ी गढ़वाल।

**बनाम्**

विपक्षीगण 1. ऋचा कुकरेती पुत्री स्व0 भूपेन्द्र कुकरेती, निवासी वार्ड नंबर 12, बद्रीनाथ मार्ग, नजदीक आंखों का अस्पताल, कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल।

2- आम जनता।

हरगाह सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी रश्मि कुकरेती द्वारा इस न्यायालय में अपने मृतक पति स्व0 भूपेन्द्र कुकरेती की अर्जित सम्पत्ति प्रधान डाकघर, कोटद्वार सेविंग खाता संख्या - 1425958198 में कुल धनराशि रूपये 7,67,698.15/- (सात लाख सतसठ हजार छः सौ अठानब्बे रूपये व पन्द्रह पैसे) को प्राप्त करने के लिए एक उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर नियत तिथि दिनांक 5/10/2023 है अगर जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वह दिनांक 5/10/2023 को इस न्यायालय में आकर अपना पक्ष रखे अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 2/9/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आदेशानुसार**
**मुन्सरिम/रीडर**
**सीनियर सिविल जज/**
**अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**कोटद्वार गढ़वाल**
**(1353/13)**

सम्पादकीय

# प्रतिकूल मौसम यात्रा पर बाधा

उत्तराखंड की चार धाम एक बार पुनः तेजी पकड़ने लगी है, अभी यात्रियों की संख्या भले ही कम है, लेकिन यात्रा की शुरुआत के साथ ही मौसम की खराबी का असर दिखने लगा है। केदारनाथ यात्रा के दौरान मौसम खराब होने के कारण हेलीकॉप्टर को केदारनाथ पैदल मार्ग पर ही लैंड करना पड़ा जो की काफी खतरनाक साबित हो सकता था। हालांकि बेहद सूझबूझ और कुशलता के साथ चालक दल ने इस कार्य को संपन्न किया और सभी यात्री सुरक्षित रहे। मानसून के समाप्त होने के बाद उत्तराखंड की चार धाम यात्रा पुनः गुलजार होने वाली है हालांकि यात्रा के इस दूसरे चरण में यात्रियों की संख्या पहले से कम रहती है लेकिन बावजूद इसके राज्य सरकार किसी भी प्रकार की कोताही या अपनी तैयारी में कमी नहीं छोड़ना चाहती है। दीपावली तक यात्रा चलती रहेगी और ऐसे लोग जो कम भीड़ में दर्शन करने चाहते हैं वह अधिकतर इन्हीं अंतिम महीनों में यात्रा का कार्यक्रम तय करते हैं। हालांकि यह मौसम काफी प्रतिकूल परिस्थितियों से भरा रहता है और कभी भी चार धाम यात्रा मार्ग पर भारी बरसात या हिमपात हो सकता है। अगले डेढ़ महीने राज्य सरकार को चार धाम यात्रा के परिपेक्ष में और अधिक मुस्तादी रखनी होगी खास तौर से हवाई सेवा को लेकर। मौसम का मिजाज कब कहां करवट ले कुछ कहा नहीं जा सकता और इन हालातो में हवाई सेवा खतरनाक भी साबित हो सकती है। केदारनाथ मार्ग पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग इसका एक उदाहरण है और ऐसी आपात स्थिति से बचने के लिए मौसम का पूर्वानुमान व मौसम की परिस्थितियों जानना बेहद जरूरी होगा। मानसून के कारण चार धाम यात्रा मार्ग का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त भी हुआ है जिसे दुरुस्त करने का कार्य किया तो जा रहा है लेकिन चार धाम मार्ग पर आने वाले यात्रियों को कब तक यह मार्ग पूरी तरह से आरामदायक मिलेगा यह कहना अभी मुश्किल है। दावा किया जा रहा है की सड़क मार्ग पूरी तरह से सुरक्षित एवं यात्रा योग्य बन गया है और यदि कहीं भी मौसम के कारण कोई अवरोध या प्राकृतिक कारण बनते हैं तो तत्काल राहत दल इसके लिए तत्पर तैयार है। राज्य सरकार एवं चार धाम यात्रा मार्ग के संबंध जनपद यात्रा के इस चरण को सुरक्षित एवं दुर्घटनारहित बनाने के लिए संभव प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए संबंधित विभागों को समन्वय बनाने के निर्देश उच्च स्तर पर दिए जा चुके हैं। बहरहाल मौसम चाहे जैसा भी हो श्रद्धालुओं की भक्ति एवं जोश में अंतर ना तो पहले दिखाई दिया और ना ही यात्रा के इस चरण में नजर आने वाला है। लगभग डेढ़ महीने से बरसात के कारण यात्रा मार्ग पर व्यवसाय चौपट है ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि यात्रियों की संख्या से एक बार फिर यात्रा मार्ग गुलजार होगा और व्यवसाय भी फलेगा-फूलेगा।

# भारत-अमेरिका संबंधों पर काली छाया

**डॉ. दिलीप चौबे**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत और अमेरिका दोनों के लिए बड़ी कूटनीतिक चुनौती पेश कर दी है।

ट्रूडो की नासमझी या शरारत के कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ही न हीं बल्कि भारत के राजनीतिक-सामाजिक जीवन में भी समस्या पैदा हो सकती है। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर ट्रूडो के आरोप करीब 15 दिन बाद भी कूटनीतिक संबंधों में तनाव का कारण बने हुए हैं।

इस विवाद की काली छाया भारत और अमेरिका के संबंधों पर भी पड़ सकती है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर की लंबी अमेरिका यात्रा भी इस विवाद को सुलझाने में सफल नहीं हो पाई। जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से कई बार मुलाकात की तथा भारत का पक्ष रखा। जयशंकर ने कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों और हिंसक वारदात की विस्तार से जानकारी दी लेकिन लगता है कि ब्लिंकन ने एक कान से सुना और दूसरे कान से निकाल दिया। अपने ताजा बयान में ब्लिंकन ने वही बात कही जो करीब 15 दिन पहले कही थी।



**कनाडा और अमेरिका के रवैये से खालिस्तानी तत्वों के हौसले बुलंद हैं। इसका ताजा उदाहरण स्काटलैंड के गुरुद्वारे में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को प्रवेश से रोका जाना है। दो खालिस्तान समर्थकों की इस करतूत के सामने गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के सदस्य बेबस नजर आए। इसका कारण यह है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों को कानून-व्यवस्था और पुलिस का कोई भय नहीं है। ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी के कई सांसद खालिस्तान समर्थकों को शह देते हैं। यह आश्चर्य की बात है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा भारतीय राजनयिकों को धमकियां देने और राजनयिक मिशनों को निशाना बनाए जाने के बारे में पश्चिमी देशों की सरकारें निष्क्रिय क्यों हैं।**

**वास्तव में इन देशों में भारत ही नहीं बल्कि श्रीलंका और बांग्लादेश सहित अनेक देशों के पृथकतावादी और आतंकवादी पनाह लिए हुए हैं। बांग्लादेश ने खुले रूप से आरोप लगाया है कि बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के हत्यारे कनाडा में निर्द्वद्व घूम रहे हैं। उनके बांग्लादेश प्रत्यर्पण की मांग पर कनाडा सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। यह सच्चाई है कि पश्चिमी देश विभिन्न देशों के आतंकवादी और अलगाववादियों को अपने यहां पनाह देते हैं तथा उन देशों में अस्थिरता पैदा करने के लिए इन तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है।**

उन्होंने कहा कि भारत को जांच में कनाडा के साथ सहयोग करना चाहिए तथा दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। ब्लिंकन ने एक बार भी कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में खालिस्तानी तत्वों की मौजूदगी और भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा। जाहिर है कि ब्लिंकन के इस रवैये से जयशंकर क्षुब्ध हुए होंगे। उन्होंने शालीनता का परिचय देते हुए कहा 'ब्लिंकन ने जो कहा उसे हमने देखा है। हमें यह आशा है कि हम जो कह रहे हैं, वह अमेरिका देख रहा है। इस संबंध में हमें आगे कुछ नहीं कहना।' जयशंकर का यह बयान एक भूचाल का भी संकेत हो सकता है।

कनाडा और अमेरिका के रवैये से खालिस्तानी तत्वों के हौसले बुलंद हैं। इसका ताजा उदाहरण स्काटलैंड के गुरुद्वारे में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को प्रवेश से रोका जाना है। दो खालिस्तान समर्थकों की इस करतूत के सामने गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के सदस्य बेबस नजर आए। इसका कारण यह है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों को कानून-व्यवस्था और पुलिस का कोई भय नहीं है। ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी के कई सांसद खालिस्तान समर्थकों को शह देते हैं। यह आश्चर्य की बात है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा भारतीय राजनयिकों को धमकियां देने और राजनयिक मिशनों को निशाना बनाए जाने के बारे में पश्चिमी देशों की सरकारें निष्क्रिय क्यों हैं।

वास्तव में इन देशों में भारत ही नहीं बल्कि श्रीलंका और बांग्लादेश सहित अनेक देशों के पृथकतावादी और आतंकवादी पनाह लिए हुए हैं। बांग्लादेश ने खुले रूप से आरोप लगाया है कि बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के हत्यारे कनाडा में निर्द्वद्व घूम रहे हैं। उनके बांग्लादेश प्रत्यर्पण की मांग पर कनाडा सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। यह सच्चाई है कि पश्चिमी देश विभिन्न देशों के आतंकवादी और अलगाववादियों को अपने यहां पनाह देते हैं तथा उन देशों में अस्थिरता पैदा करने के लिए इन तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका के नेताओं को बताया कि कनाडा का यह रवैया नया नहीं है। कनाडा 1980 के दशक से ही भारत के लिए समस्या बना हुआ है। बीच के कालखंड में कुछ सुधार हुआ था, लेकिन हाल के वर्षों में खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों में फिर तेजी आ गई है। नागरिक विमानन के क्षेत्र में बड़ी आतंकवादी घटना एअर इंडिया के कनिष्क विमान को नष्ट किया जाना था। मृतक अधिकांश यात्रियों में भारतीय शामिल थे। कनाडा सरकार ने इस आतंक की घटना पर पर्दा डालने की हरसंभव कोशिश की। प्रधानमंत्री ट्रूडो भी इसी नीति का अनुसरण कर रहे हैं।

अमेरिका और कनाडा के बीच 'खून का रिश्ता' है। अमेरिकी सरकार हमेशा कनाडा की हां-में-हां मिलाएगी। आने वाले दिनों में खालिस्तान का मुद्दा भारतीय विदेश नीति को नया मोड़ देने का कारण बन सकता है। पश्चिमी देशों की मीडिया पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार का विरोध करते रहे हैं। अब वहां की सरकारें भी ऐसा रवैया अपनाने का संकेत दे रही हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में जयशंकर ने कनाडा और पश्चिमी देशों की परोक्ष आलोचना की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के बारे में दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# पोल खोलने से नहीं, झूठ बोलने से बात बनेगी

**हरिशंकर व्यास**

विपक्षी पार्टियां क्या कर रही है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठ की पोल खोलने में लगी हैं। उनको लगता है कि लोगों को बताएंगे कि मोदी ने कितने झूठ बोले हैं तो लोग यकीन करेंगे और उनका साथ छोड़ देंगे। लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। झूठ की पोल खोलने का क्या मतलब है? उससे लोगों पर कुछ भी असर नहीं होगा, बल्कि उससे बड़ा झूठ बोलने पर फायदा होगा। सोचें, क्या देश के करोड़ों करोड़ लोगों को पता नहीं है कि उनसे झूठ बोला गया है? हो सकता है कि भारत के विश्व गुरू होने वाले झूठ के बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते हों लेकिन जो बातें उनकी जिंदगी से जुड़ी हैं उनके बारे में तो उनको पता ही होगा। क्या वे नहीं जानते हैं कि उनके बच्चे नौकरी के लिए भटक रहे हैं? क्या उनको पता नहीं है कि उनकी बचत घट रही है और रोजमर्रा की जरूरत के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है? महंगाई क्या उनको नहीं चुभ रही है? क्या किसान नहीं जान रहे हैं कि खेती उनके लिए घाटे का सौदा बन गया है? क्या नौजवान बेरोजगारी की मार नहीं महसूस कर रहा है? पांच किलो अनाज के लिए लाइन में खड़े लोगों को अपमान का अहसास नहीं हो रहा होगा? जिनके प्रियजन ऑक्सीजन की कमी से अस्पतालों में मर गए या जमीनें बेच कर जिन लोगों ने काले बाजार से कोरोना के इलाज के इंजेक्शन खरीद थे क्या उनको हकीकत का अहसास नहीं है?



मतलब जिसको फर्स्ट हैंड एक्सपीरियंस कहते हैं वह तो देश के करोड़ों लोगों को हो ही रहा है। फिर भी अगर वे उस पर यकीन कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि उनकी कंडीशनिंग ऐसी है। वे सपनों में जीना पसंद करते हैं। तभी बॉलीवुड की फिल्में उनको आकर्षित करती हैं।

जिस तरह से सिनेमा यकीन दिलाने की कला है। थियेटर में जाने वाले लोग थोड़े समय के लिए अपने तर्क, अपनी समझ और अपनी मान्यताओं को बाहर छोड़ कर जाते हैं, जिसे 'विलफुल सस्पेंसन ऑफ बिलीफ' यानी स्वेच्छा से अपनी समझदारी का परित्याग करना कहते हैं उसी तरह राजनीति में भी होता है। राजनीति भी जनता को यकीन दिलाने की कला है। कोई नेता कैसे अपने झूठ को लोगों के दिमाग में इस तरह बैठा सकता है कि वह उसी पर यकीन करे, उसी को सच माने उससे ही नेता की काबिलियत और उसकी सफलता तय होती है। झूठ की पोल खोल कर अगर लोगों को हकीकत की दुनिया में लाने का प्रयास किया गया तो बड़ी असफलता मिलेगी। भारत की फिल्मों से यह जगजाहिर है। भारत की सचाई दिखाने वाली फिल्में व्यावसायिक रूप से कभी सफल नहीं होती हैं। उसे आलोचकों की तारीफ मिलती है, दर्शकों का प्यार नहीं मिलता है। राजनीति में भी बुद्धिमान लोग विपक्ष के एजेंडे की तारीफ कर सकते हैं लेकिन चुनाव तो जनता के प्यार से जीता जाएगा। वह कहां है विपक्ष के पास?

# पितृपक्ष में क्या करेंगी पार्टियां?

श्राद्ध का समय शुरू हो गया है। अगले 15 दिन तक हिंदू मान्यता के हिसाब से कोई शुभ काम नहीं होगा और न कोई नया काम शुरू किया जाएगा। तभी सभी पार्टियों के नेता इस दुविधा में पड़े हैं कि अगले 15 दिन में उम्मीदवारों की सूची घोषित हो या नहीं। ध्यान रहे चुनाव आयोग ने अभी तक चुनावों की घोषणा नहीं है।

अगर पांच राज्यों के पिछले विधानसभा चुनावों के शिड्यूल के हिसाब से देखें तो अक्टूबर के पहले या ज्यादा से ज्यादा दूसरे हफ्ते में चुनाव की घोषणा हो जानी चाहिए। चुनाव आयोग की टीमें राज्यों का दौरा कर रही हैं और चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रही हैं। सो, पहला यक्ष प्रश्न है कि क्या चुनाव आयोग 14 अक्टूबर तक चलने वाले श्राद्ध पक्ष में चुनाव की घोषणा करेगा या पितृपक्ष समाप्त होने और नवरात्रों के शुरू होने का इंतजार करेगा।

दूसरा यक्ष प्रश्न यह है कि पार्टियां क्या करेंगी? भाजपा ने मध्य प्रदेश के 79 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है और छत्तीसगढ़ में भी पहली सूची में 21 नामों की घोषणा हुई है। इन दोनों राज्यों में ज्यादातर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा रूकी है। राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के लिए तो कोई नाम तय नहीं हुआ है। कांग्रेस ने अभी किसी राज्य में उम्मीदवार तय नहीं किए हैं या नाम की घोषणा नहीं की है।

उसकी चुनाव समिति की बैठक भी नहीं हुई है। दोनों पार्टियों में धार्मिक मान्यताओं, ज्योतिष आदि को मानने वाले नेता चाहते हैं कि नवरात्रों में ही नाम की घोषणा की जाए। हालांकि कई नेता मानते हैं कि नाम घोषित होने में कोई दिक्कत नहीं है। सिर्फ नामांकन पितृपक्ष में नहीं होना चाहिए। नेताओं की यह दूसरी इच्छा पूरी हो सकती है। बहरहाल, देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस का आलाकमान क्या करता है और चुनाव आयोग क्या करता है?

# रोजगार की भयावह तस्वीर



वर्तमान सरकार के कुछ कदम बेरोजगारी को बढ़ाने वाले रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर यह समस्या व्यवस्थागत है। जब तक उस पर ध्यान नहीं दिया जाता, इसका कोई समाधान नहीं निकल सकता।

भारत में बेरोजगारी की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इसके बावजूद यह मुख्य राजनीतिक विमर्श का हिस्सा नहीं है। विपक्षी नेता जब-तक इस समस्या का जिक्र जरूर करते हैं, लेकिन समस्या क्यों है और उसका समाधान क्या है, इन सवालों पर उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं होता। उनका सिर्फ यह कहना होता है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने बेरोजगारी बढ़ा दी है। बेशक, वर्तमान सरकार के कुछ कदम बेरोजगारी को बढ़ाने वाले रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर यह समस्या व्यवस्थागत है। जब तक उस पर ध्यान नहीं दिया जाता, इसका कोई समाधान नहीं निकल सकता। फिलहाल, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की ताजा रिपोर्ट चर्चा में है, जिसमें बताया गया है कि भारत में 15 प्रतिशत से ज्यादा ग्रैजुएट बेरोजगार हैं। 25 साल से कम उम्र के ग्रैजुएट्स के बीच तो बेरोजगारी दर 42 प्रतिशत तक है। 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया-2023' रिपोर्ट में भारत में रोजगार की चिंताजनक तस्वीर पेश की है।

बताया गया है कि 2019 के बाद से भारत में नियमित वेतन की नौकरियों के सृजन की रफ्तार कम हुई है। इसका एक बड़ा कारण कोविड-19 महामारी रही। महामारी के बाद रोजगार की स्थिति में सुधार हुआ। ग्रैजुएट लोगों को नौकरियां मिलने लगीं। लेकिन सवाल बना हुआ है कि उन्हें किस तरह की नौकरियां मिल रही हैं और क्या ये उनके कौशल और आकांक्षाओं से मेल खाती हैं? जाहिर है, ऐसी स्थिति नहीं है।

हाल ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर कुली कर्मियों से संवाद किया। उस दौरान सामने आया कि कुछ ग्रैजुएट कुली का काम कर रहे हैं। महिलाओं में तो रोजगार की दर 2004 के बाद से या तो रुकी हुई रही या गिरी है। 2019 के बाद से महिलाओं के बीच घरेलू आर्थिक दबाव के कारण स्वरोजगार का ट्रेंड जरूर बढ़ा है। लेकिन अपने देश की यह हकीकत कायम है कि स्वरोजगार अक्सर मजबूरी में किया जाता है और ज्यादातर मामलों में इसका अर्थ अर्ध-रोजगार होता है। खुद रिपोर्ट में बताया गया है कि नियमित वेतन वाली नौकरी की जगह महिलाओं के बीच स्वरोजगार बढ़ा और इस वजह से उनकी आमदनी घट गई।

# खाली पेट केला खाना चाहिए या नहीं? कहीं आप भी तो नहीं कर रहे हैं ये गलती

केला एक ऐसा फल है जिसके सेवन को लेकर कई तरह के मिथक प्रचलित हैं. बहुत से लोगों का मानना है कि सुबह नाश्ते से पहले खाली पेट केला खाने से कई लाभ मिलते हैं जैसे वजन कम होना, पेट साफ रहना, पाचन अच्छा रहना आदि. लेकिन क्या यह सही है? क्या सच में खाली पेट केला खाना फायदेमंद होता है? या फिर इससे कोई नुकसान भी हो सकता है? आइए जानते हैं केले के सेवन से जुड़े कुछ मिथक और सच्चाई.

**खाली पेट केला खाने के नुकसान**

केले में कार्बोहाइड्रेट और कैलोरीज की मात्रा अधिक होती है. इसलिए खाली पेट केला खाने से वजन बढ़ सकता है, कम नहीं. केले में काफी मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और ऊर्जा पाई जाती है. एक मीडियम साइज का केला लगभग 25-30 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और 90-105 कैलोरीज प्रदान करता है.

**जानें कैसे खाना चाहिए केला**

केले को अकेले ना खाकर हमेशा नाश्ते या दूसरे आहार के साथ खाने की सलाह दी जाती है. ऐसा इसलिए क्योंकि केले में कुछ ऐसे कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं जो पाचन में गैस और फूलने का कारण बनते हैं. इन कार्बोहाइड्रेट्स को फोडमैप कहा जाता है. ये आंतों में जाकर फर्मेंट होते हैं और गैस उत्पन्न करते हैं. इससे पेट फूलना, दर्द और असहजता महसूस हो सकती है. इसलिए डाइटेशियन यह सलाह देते हैं कि केले को अकेले ना खाकर हमेशा नाश्ते में दूसरे आहार के साथ खाया जाए. ऐसा करने से पाचन में कोई समस्या नहीं होती.

**दिन में क्यों खाना चाहिए केला**

केले का सेवन दिन के समय करने की सलाह दी जाती है ताकि इसके पोषक तत्व अच्छे से अवशोषित हो सकें. साथ ही दिनभर की एक्टिविटी से केले की कैलोरीज को भी बर्न किया जा सकता है.

# प्रेगनेंसी में कितनी बार अल्ट्रासाउंड करवाना जरूरी होता है और कब करवाना चाहिए? जानें



गर्भावस्था एक संवेदनशील अवस्था होती है जिसमें मां और बच्चे का स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है. गर्भावस्था के दौरान अल्ट्रासाउंड टेस्ट मां और बच्चे की स्थिति को ट्रैक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. अल्ट्रासाउंड किरणें शरीर के भीतर भेजकर गर्भाशय और गर्भस्थ शिशु की तस्वीरें लेता है. यह गर्भनाल की स्थिति, गर्भस्थ शिशु का विकास, दिल की धडक़न आदि को देखने में मदद करता है. गर्भावस्था में कम से कम 3-4 अल्ट्रासाउंड करवाना जरूरी होता है. लेकिन इससे ज्यादा अल्ट्रासाउंड करवाना ठीक नहीं माना जाता है. बिना वजह बार-बार अल्ट्रासाउंड करवाने से बच्चे को नुकसान हो सकता है. उसकी हड्डियों और दिमाग पर असर पड़ सकता है. जानें कब करवाना चाहिए ...

पहला अल्ट्रासाउंडः गर्भावस्था के दौरान करवाया जाने वाला पहला अल्ट्रासाउंड बेहद महत्वपूर्ण होता है. आमतौर पर डॉक्टर गर्भाधान के 6 से 8 हफ्ते बाद पहला अल्ट्रासाउंड करवाने की सलाह देते हैं.इस अल्ट्रासाउंड का मुख्य उद्देश्य गर्भ नलिका और गर्भस्थ शिशु की स्थिति की जांच करना होता है. यह जांच करता है कि गर्भ नलिका सही जगह पर है या नहीं, गर्भस्थ शिशु का विकास सही हो रहा है या नहीं, गर्भस्थ शिशु की धडक़न सामान्य है या नहीं आदि. यदि कोई समस्या हो तो इस अल्ट्रासाउंड से पहले ही पता लगाकर उचित इलाज किया जा सकता है. इसलिए गर्भावस्था के पहले तिमाही में अल्ट्रासाउंड करवाना बेहद ज़रूरी होता है.

दूसरा अल्ट्रासाउंडः गर्भावस्था के 18 से 20 हफ्ते के बीच दूसरा अल्ट्रासाउंड करवाना बहुत जरूरी होता है. इस अवधि में गर्भस्थ शिशु का शारीरिक विकास तेज़ी से होता है और अंग-प्रत्यंग स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगते हैं. दूसरे अल्ट्रासाउंड से गर्भस्थ शिशु के मुख्य अंगों जैसे दिल, दिमाग, किडनी आदि की जांच की जाती है. इससे एनेटल एनोमली यानि जन्मजात विकारों का भी पता लगाया जा सकता है.

तीसरा अल्ट्रासाउंडः गर्भावस्था के 28 से 32 हफ्ते के बीच तीसरा अल्ट्रासाउंड बहुत जरूरी हो जाता है. यह गर्भावस्था का तीसरा त्रैमास होता है जब गर्भस्थ शिशु का विकास तेजी से होने लगता है. तीसरे अल्ट्रासाउंड से गर्भस्थ शिशु के शारीरिक विकास और वजन की निगरानी की जा सकती है. यह जांचा जाता है कि शिशु का वजन उम्र के हिसाब से सही है या नहीं. शिशु के मुख्य अंगों जैसे दिमाग, ह्रदय, किडनी आदि का विकास सही दिशा में हो रहा है या नहीं.

चौथा अल्ट्रासाउंडः गर्भावस्था के 34 से 36 हफ्ते के दौरान चौथा अल्ट्रासाउंड किया जाता है. यह गर्भावस्था का अंतिम चरण होता है जब डिलीवरी का समय नजदीक आ जाता है.चौथे अल्ट्रासाउंड से गर्भस्थ शिशु की स्थिति और प्लेसेंटा की स्थिति की जांच की जाती है.

यह देखा जाता है कि बच्चा सही स्थिति में है या नहीं. प्लेसेंटा किस स्थिति में है और पर्याप्त रक्त संचार हो रहा है या नहीं. इससे डिलीवरी से पहले किसी भी जटिलता का पता लगाकर उसका समय रहते इलाज किया जा सकता है. इस प्रकार अंतिम अल्ट्रासाउंड बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

## बम हमले के बाद तुर्की ने इराक में पीकेके के खिलाफ शुरू किये हवाई हमले

**अंकारा ,एजेंसी।** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक में हवाई हमले किए और प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 20 ठिकानों को नष्ट कर दिया।देश के रक्षा मंत्रालय ने रविवार शाम एक बयान में कहा, तुर्की के हवाई हमलों ने गारा, हाकुर्क, मेटिना और कंदील में पीकेके ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य अभियान सुबह दो हमलावरों द्वारा राजधानी अंकारा में तुर्की के आंतरिक मंत्रालय की इमारत के सामने बम हमले का प्रयास करने के बाद आया, जिसमें दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए।आत्मघाती बम विस्फोट करने के बाद एक हमलावर की मौत हो गई, जबकि दूसरे को पुलिस ने गोली मार दी।

आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि हमलावरों में से एक की पहचान पीकेके के सदस्य के रूप में की गई है और दूसरे की पहचान निर्धारित करने के लिए जांच चल रही है।तुर्की सेना अक्सर पीकेके के खिलाफ उत्तरी इराक में जमीनी कार्रवाई, हवाई हमले और तोपखाने बमबारी करती रहती है, खासकर समूह के मुख्य आधार कंदील पर्वत में। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध पीकेके तीन दशकों से अधिक समय से तुर्की सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहा है।

## मेक्सिको में सडक़ दुर्घटना में 10 क्यूबाई प्रवासियों की मौत

**मेक्सिको सिटी ,एजेंसी।** क्यूबा के 27 नागरिकों को ले जा रहा एक मालवाहक ट्रक दक्षिण मेक्सिको के सीमावर्ती राज्य चियापास में पलट गया। जिससे उसमें सवार 10 महिलाओं की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि पिजिजियापान–टोनाला राजमार्ग के तटीय क्षेत्र में सुबह–सुबह यह दुर्घटना हुई।

बताया गया है कि, 'प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था, उसने इकाई पर नियंत्रण खो दिया और पलट गई।' उन्होंने बताया कि चालक फरार हो गया। बचाव दल ने घायलों में से 16 को पिजिजियापान शहर के एक अस्पताल में और अन्य को हुइक्स्टला शहर में स्थानांतरित कर दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचने के इच्छुक प्रवासियों के लिए मेक्सिको एक सामान्य पारगमन मार्ग है।

## अमेरिका, फ्रांस के राजदूतों ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** अमेरिका और फ्रांस के राजदूतों ने सोमवार को महात्मा गांधी को उनकी 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

महात्मा गांधी के जन्मदिन पर, मैं उनकी स्थायी विरासत से बहुत प्रभावित हूं। अहिंसा का उनका संदेश दुनिया भर में समानता और न्याय के लिए आशा की किरण बना हुआ है।

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक्स पर पोस्ट किया, डॉ मार्टिन लूथर किंग और अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन पर गांधी का गहरा प्रभाव हमें उनके आदर्शों की शक्ति की याद दिलाता है।

## बेंगलुरू हवाईअड्डे पर 1.77 करोड़ रुपये के सोने के साथ चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1.77 करोड़ रुपये मूल्य का 3 किलोग्राम सोना बरामद किया।

एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा कि सभी चार आरोपी 29 सितंबर को दुबई से बेंगलुरु हवाई अड्डे पर पहुंचे थे।

# रेल मंत्री ने गुड़गांव रेलवे स्टेशन पर "श्रमदान" किया

**दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन से देश भर में सभी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं के लिए ''14 मिनट मिरकल क्लीनिंग'' का शुभारंभ किया**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज गुड़गांव रेलवे स्टेशन, हरियाणा में ''श्रमदान'' किया। उन्होंने रेलवे ट्रैक और स्टेशन परिसर के सफाई अभियान में हिस्सा लिया। श्री शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, श्री सुखविंदर सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली मंडल, रेलवे बोर्ड एवं उत्तर रेलवे के अन्य अधिकारियों ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यह अभियान गांधी जयंती से एक दिन पहले 1 अक्टूबर को सुबह 10.00 बजे से शुरू होने वाले माननीय प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी महा स्वच्छता अभियान में सभी नागरिकों की भागीदारी के लिए ''एक तारीख एक घंटा एक साथ'' के आह्वान पर किया गया।

तत्पश्चात, माननीय रेल मंत्री ने गुड़गांव रेलवे स्टेशन से 20977 अजमेर – दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन तक की यात्रा की। उन्होंने ट्रेन में साफ–सफाई के स्तर का निरीक्षण किया और यात्रियों के साथ बातचीत की। दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने पर माननीय रेल मंत्री के समक्ष 'स्वच्छ वंदे वीरों' द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस की ''14 मिनट मिरेकल क्लीनिंग'' का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही उन्होंने देश भर में सभी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं के लिए इस साफ–सफाई प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

''14 मिनट मिरेकल क्लीनिंग'' के अंतर्गत कोचों की सैन्य अनुशासन और सटीकता से सफाई शामिल है। तेजी से सफाई करने वाली यह कवायद वंदे भारत ट्रेनों के टर्न–अराउंड समय को कम कर देगी। इस प्रक्रिया में शामिल हैं:

1. कर्मचारियों को एकत्र कर ब्रीफिंग करना
2. कोचों में तैनाती
3. कोचों के अंदरूनी और बाहरी हिस्सों की सूखी और गीली सफाई
4. कचरा थैलों का अंतिम संग्रहण और उचित निपटान
5. कर्मचारियों की वर्किंग स्टेशन पर

## स्पेन के नाइट क्लब में भीषण आग, 13 लोगों की मौत, मेयर ने की तीन दिन के शोक की घोषणा

**मैड्रिड ,एजेंसी।** दक्षिणपूर्वी स्पेन के मर्सिया में सुबह एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई है। मौके पर सुरक्षा एवं बचाव कर्मी राहत कार्य में जुटे हैं। स्पेन की इमरजेंसी सेवाओं ने चेतावनी दी है कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इमारत से शवों को निकालने का काम जारी है।

आपातकालीन सेवाओं द्वारा जारी की गई तस्वीरों के अनुसार, आग टीट्रे नाइट क्लब में लगी, जिसे फोंडा मिलाग्रोस भी कहा जाता है। बचावकर्मियों ने कहा कि उन्हें पहली बार स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 6.00 बजे (0400 त्ररूञ्ज) सूचना मिली कि दो मंजिला नाइट क्लब में आग लग गई है। वहां पहुंचने पर पहले ही 4 शव मिल गए थे, 40 मिनट बाद 2 और शव मिले।

# कुंभ क्षेत्र का हुआ विस्तार, 10 हजार बेड का 'गंगा पंडाल' बनाने का प्रस्ताव

**प्रयागराज ,एजेंसी ।** संगम की रेती प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ को लेकर यूपी सरकार ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक तरफ जहां महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कुंभ क्षेत्र का विस्तार किया गया है, वहीं दूसरी ओर 25,000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 हजार बेड का गंगा पंडाल बनाने का प्रस्ताव है। इसमें संतों–भक्तों के ठहरने की सुविधा होगी।

कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत के मुताबिक, महाकुंभ के लिए टेंटेज के प्रस्ताव पर भी सैद्धांतिक सहमति बन गई है। इसके अंतर्गत 25,000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 हजार बेड का गंगा पंडाल बनाने का प्रस्ताव है। इसमें संतों–भक्तों के ठहरने की सुविधा होगी। श्रद्धालुओं के कुंभ क्षेत्र में ठहरने से लेकर अन्य सुविधाओं को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है।

प्रयागराज में 2019 में आयोजित किए गए कुंभ में देश–विदेश से आए 19 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की संख्या के बाद 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने का प्रशासन का अनुमान है।

कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस बार कुंभ क्षेत्र के बसावट में बदलाव किया गया है। उनके मुताबिक योगी सरकार ने फैसला किया है कि इस बार कुंभ में बसने वाले मेले का विस्तार 4000 हेक्टेयर से अधिक तक किया जाएगा। पिछले कुंभ में मेला क्षेत्र को 3200 हेक्टेयर में बसाया गया था।कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि इस बार संगम की रेती पर संगम, अरैल से लेकर फाफामऊ के बीच 25 सेक्टर में महाकुंभ बसाया जाएगा।

## पीएम मोदी सिखों को कर रहे बदनाम : सुखजिंदर सिंह रंधावा

**जयपुर ,एजेंसी ।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सिखों को बदनाम करने का आरोप लगाया। जयपुर में पीसीसी वॉर रूम में मीडिया से बात करते हुए. रंधावा ने कहा– पीएम नरेंद्र मोदी ने पहले मुसलमानों को बदनाम किया और अब सिखों को बदनाम कर रहे हैं. ऐसे में अल्पसंख्यक कहां जाएंगे?

खालिस्तान के मुद्दे पर बोलते हुए रंधावा ने कहा– जो विषय पंजाब में आतंकवाद के समय अंतरराष्ट्रीय मुद्दा नहीं बना, उसे प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बना दिया है। कनाडा के साथ भारत के चल रहे विवाद पर सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा– अटल बिहारी वाजपेयी भी बीजेपी के प्रधानमंत्री थे, लेकिन वो भारत की बात करते थे। प्रधानमंत्री पूरे देश का प्रधानमंत्री होता है। उन्हें देश के लिए बोलना चाहिए।

रंधावा ने कहा, चुनाव होते हैं तो पीएम राजस्थान आकर बोलते हैं। अगर महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है, तो क्या उन्हें मध्य प्रदेश में यह नजर नहीं आता? जो हमारे नागरिक नहीं हैं, उन्हें खालिस्तानी कहकर पीएम पंजाबियों पर सवाल उठा रहे हैं।' रं

धावा ने कहा, प्रधानमंत्री को देश को जोडऩे की बात करनी चाहिए न कि हिंदुओं और सिखों को बांटने की। ऐसा कहकर प्रधानमंत्री सिखों की अखंडता पर बोल रहे हैं।

आज भी जब पाकिस्तान से लड़ते हुए कोई शहीद होता है तो सबसे पहले किसी पंजाबी का शव आता है, क्या पंजाबी देशभक्त नहीं हैं? प्रधानमंत्री मोदी इस बारे में क्यों नहीं बोलते? क्या पीएम हमें बदनाम करना चाहते हैं?

# गरीबी से तंग माता–पिता का खौफनाक कदम, तीन बेटियों को मार डाला, बोले– पेट पालना मुश्किल था



**जालंधर (पंजाब), एजेंसी।** पंजाब के जालंधर में गरीबी से तंग माता–पिता ने तीन बच्चियों को दूध में जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर दी। घटना जालंधर देहात के थाना मकसूदां के गांव कानपुर की है, जहां रविवार देर रात पांच बच्चों के माता–पिता ने मोहल्ले में अफवाह फैला दी कि बच्चियों को अगवा कर लिया गया है। इसकी उन्होंने थाने में शिकायत भी दी। देर रात तक बच्चियों को ढूंढने के बाद कोई पता नहीं चला। इसके बाद मकान मालिक सुरिंदर सिंह और मोहल्ले के लोगों ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।

रात 11:30 बजे थाना मकसूदां की पुलिस पहुंची और जांच के बाद लौट आई। मामले से पर्दा तब उठा जब दंपती ने सुबह बक्से से शव निकालकर गेट के बाहर रखे और कहना शुरू किया कि उनकी बच्चियों को कोई मारकर बक्से में डाल बाहर छोड़ गया है। इसके बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई।

मृतक बच्चियों की पहचान अमृता कुमारी (9), साक्षी (7) और कंचन (4) के रूप में हुई है। पिता सुशील मंडल मूलरूप से बिहार का रहने वाला है।

सूचना पर घटनास्थल पर करीब सात बजे पहुंची पुलिस ने बच्चियों के शव कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम को भिजवाया और परिजनों को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरे जांचे तो बच्चियां घर से बाहर जाते नहीं दिखी और न ही कोई ट्रंक रखते बाहर नजर आया। इसके बाद दंपती से पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि वह बच्चों का पालन–पोषण नहीं कर पा रहे थे। यही वजह है कि उन्होंने खौफनाक कदम उठाया। उन्होंने तीनों बच्चियों को जहरीला पदार्थ दूध में मिलाकर पिला दिया। बक्से से कीटनाशक की बदबू आ रही थी।

एसएसपी (ग्रामीण) मुखविंदर सिंह भुल्लर और एसपी मनप्रीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि डीएसपी बलवीर सिंह टीम के साथ पहुंचे और जांच के बाद हत्यारोपी सुशील मंडल और उसकी पत्नी मंजू देवी को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर लिया है।

पूछताछ में पता चला कि पिता नशे का आदी था और शराब पीता था। रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे बच्चियों को जहरीला दूध पिलाकर बक्से में बंद कर काम पर चला गया।

पत्नी मंजू देवी ने भी उसका साथ दिया। आरोपी सोमवार सुबह मकान छोड़ भागने की फिराक में थे और शवों को खुर्दबुर्द कर देते लेकिन मकान मालिक की शिकायत के बाद दंपती शक के घेरे में आ गए। एसएसपी ने कहा कि दंपती की दो साल की बेटी अनुष्का और एक साल का बेटा शनि है, जिन्हें चाइल्ड केयर होम भेज देंगे। अगर बच्चों को मां की जरूरत हुई तो वह भी जेल में दंपती के साथ रहेंगे। एक साल के बच्चे की देखभाल और उसके खाने–पीने का ध्यान रखना जरूरी है।

## खडग़े व राहुल ने महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पार्टी नेता राहुल गांधी ने सोमवार को महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। खडग़े राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे। एक्स पर एक पोस्ट में, खडग़े ने कहा, आप मुझे बेडिय़ों में जकड़ सकते हैं, यातना दे सकते हैं, आप इस शरीर को नष्ट भी कर सकते हैं, लेकिन आप मेरे विचारों को कैद नहीं कर सकते': महात्मा गांधी। पूरे विश्व को सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रणेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार और आदर्श आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं। खडग़े ने कहा, सत्य, अहिंसा, शांति और समानता जैसे उनके विचारों को आज चुनौती दी जा रही है, लेकिन हम बापू द्वारा सिखाए गए मूल्यों का पालन करके इससे लड़ रहे हैं।राहुल गांधी ने एक्स पर की गई पोस्ट में कहा, सत्य, अहिंसा और सद्भाव का मार्ग, भारत को एकजुट करने का मार्ग, महात्मा गांधी ने दिखाया था। बापू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। उन्होंने देश के लिए उनके योगदान को याद करते हुए महात्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए अपनी भारत जोड़ो यात्रा और बापू के जीवन से एक मिनट से अधिक का वीडियो भी संलग्न किया।

# कोरोना के खिलाफ टीके बनाने के लिए कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को नोबल प्राइज




**स्टॉकहोम, एजेंसी।** हंगेरियन–अमेरिकी बायोकेमिस्ट कैटालिन कारिको और अमेरिकी चिकित्सक–वैज्ञानिक ड्रू वीसमैन को कोविड–19 टीकों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) तकनीक विकसित करने के लिए मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। नोबेल समिति ने सोमवार को इस पुरस्कार की घोषणा की।

नोबेल समिति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया गया है, जिन्होंने कोविड कोविड–19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास को सक्षम किया है। इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी कोविड–19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की।

चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई है। अब मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में इस पुरस्कार के विजेता की घोषणा नौ अक्तूबर को की जाएगी। पुरस्कारों में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी दस लाख अमेरिकी डॉलर या दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। धनराशि अवॉर्ड के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की छोड़ी हुई वसीयत से आती है। 1896 में उनका निधन हो गया था।

## चर्च की छत गिरने से बड़ा हादसा, सात लोगों की मौत; 30 लोग अंदर फंसे

**मेक्सिको सिटी ,एजेंसी।** मेक्सिको के तमाउलिपास राज्य में सांताक्रूज चर्च की छत गिरने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य लोग फंसे हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ढहने के समय लगभग 100 लोग एकत्र थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बपतिस्मा कार्यक्रम का आयोजन था।ऐसा माना जा रहा है कि फंसे हुए लोगों में कई बच्चे भी शामिल हैं और बचाव कार्य जारी हैं। सोशल मीडिया पर मौजूद छवियों में चर्च की इमारत खंडहर हो गई है और लोग मलबे के चारों ओर भीड़ लगाकर अंदर फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह घटना छत में खराबी के कारण हुई।

# ब्रिटेन में सिख मरीज के साथ भेदभाव, दाढ़ी को दस्तानों से बांधा, भूखा रखा, रिपोर्ट में खुलासा

**लंदन ,एजेंसी।** नर्सों ने एक सिख मरीज की दाढ़ी को प्लास्टिक के दस्तानों से बांध दिया, उसे उसके ही पेशाब में छोड़ दिया और उसे वह खाना दिया, जो वह धार्मिक कारणों से नहीं खा सकता था। यह दावा यूके के शीर्ष नर्सिंग वॉचडॉग के एक वरिष्ठ व्हिसलब्लोअर ने किया है। नर्सिंग एंड मिडवाइफरी काउंसिल (एनएमसी) की ओर से द इंडिपेंडेंट को लीक किए गए एक डोजियर में कहा गया कि सिख व्यक्ति ने एक नोट में भेदभाव की शिकायत करने के बावजूद इन नर्सों को काम करने की अनुमति दी थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नर्सिंग नियामक संस्था 15 वर्षों से अपने रैंकों में संस्थागत नस्लवाद का समाधान करने में विफल रहा है, जिसने एनएमसी कर्मचारियों को भेदभावपूर्ण विचारों के आधार पर असंगत मार्गदर्शन लागू करने पर अनियंत्रित होने की अनुमति दी है। सिख मरीज के परिवार को उसकी पगड़ी फर्श पर पड़ी मिली और उसकी दाढ़ी रबर के दस्तानों से बंधी हुई थी। साथ ही बताया गया कि उसका मामला, जिसे शुरू में एनएमसी की स्क्रीनिंग टीम ने बंद कर दिया था, अब फिर से मूल्यांकन किया जा रहा है।

एक सूत्र ने बताया कि जांच को आगे बढ़ाने या न करने का निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार एनएमसी स्टाफ के सदस्य मरीज द्वारा छोड़े गए और उसकी मृत्यु के बाद उसके परिवार द्वारा खोजे गए नोट के जवाबों पर ठीक से विचार करने में विफल रहे। पंजाबी में लिखे नोट में दावा किया गया है कि नर्सों ने उस पर हंसा था, उसे भूखा रखा था और उसकी कॉल बेल का जवाब नहीं दिया, इससे वह गीला हो गया और अपने ही पेशाब में गिर गया।एनएमसी के भीतर खतरनाक नस्लवाद के दावे पहली बार 2008 में उठाए गए थे। दस्तावेजों से पता चलता है कि कैसे काले और जातीय अल्पसंख्यक कर्मचारियों को डर है कि अगर वे नस्लवाद के बारे में बोलेंगे, तो वे बेनकाब हो जाएंगे। दस्तावेज़ों से पता चला, वॉचडॉग के भीतर भय की संस्कृति के कारण कर्मचारी नर्सिंग नियामक को अपनी चिंताओं को रिपोर्ट करने से डरते हैं।एनएमसी पर रक्षात्मक होने और अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए, व्हिसलब्लोअर ने दावा किया कि वॉचडॉग के भीतर गहरा विषाक्त आचरण विपरीत और विफल जांच का कारण बन रहा है।


# नाबालिग का रेप, शादी के लिए धर्मांतरण का दबाव, आरोपी गिरफ्तार

**रांची ,एजेंसी ।** झारखंड के गिरिडीह जिले में एक प्राइवेट स्कूल के संचालक ने स्कूल में काम करने वाली 17 साल की युवती का अश्लील वीडियो बनाकर कई बार उसका रेप किया और इसके बाद धर्म बदलकर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। यह मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी सोनू एजाज को गिरफ्तार कर लिया।युवती के परिजनों ने इस बाबत हीरोडीह थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा है कि उनकी पुत्री ने कुछ महीने पहले वंडर वेल इंटरनेशनल स्कूल में बतौर शिक्षिका नौकरी शुरू की थी। स्कूल के संचालक सोनू एजाज ने पहले उसका मोबाइल नंबर लेकर दोस्ती बढ़ाई और इसके बाद एक दिन अपने कमरे में बुलाकर उससे दुष्कर्म किया।

उसने आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और इसे वायरल करने की धमकी देकर उसका यौन शोषण करने लगा। वह उसपर शादी करने और धर्म बदलने का दबाव देने लगा। पीड़िता ने डरते हुए यह बात घरवालों को बताई तो उन्होंने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# जिसकी जितनी आबादी, उसे सत्ता में मिले उतनी हिस्सेदारी

## कांग्रेस ने की जातिगत गणना की पैरवी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जिसकी जितनी आबादी है, सत्ता में उसे उतनी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, इसलिए देश में जाति आधारित गणना करना जरुरी है। श्री गांधी ने ट्वीट किया कि बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी, एसटी की आबादी 84 प्रतिशत है। केंद्र सरकार के 90 सचिवों में सिर्फ़ 3 ओबीसी हैं, जो भारत का मात्र 05 प्रतिशत बजट संभालते हैं। इसलिए भारत के जातिगत आंकड़े जानना ज़रुरी है। जितनी आबादी, उतना हक़– ये हमारा प्रण है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बिहार में जाति गणना की जाने का स्वागत किया और कहा कि बिहार सरकार ने अभी राज्य में कराए गए जाति आधारित सर्वे के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस पहल का स्वागत करते हुए और कांग्रेस सरकारों द्वारा कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में इसी तरह के पहले के सर्वेक्षणों को याद करते हुए, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपनी मांग दोहराती है कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द राष्ट्रीय जाति जनगणना कराए। उन्होंने कहा कि संप्रग–2 सरकार ने, वास्तव में इस जनगणना के कार्य को पूरा कर लिया था, लेकिन नतीजे मोदी सरकार ने जारी नहीं किए।

सामाजिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों को मजबूती प्रदान करने और सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह से जनगणना कराना आवश्यक हो गई है।

# भारत तीरंदाजी में सभी छह टीम स्पर्धाओ के क्वार्टर फाइनल में



हांगझोउ, भारतीय तीरंदाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सोमवार को एशियाई खेलों में सभी टीम स्पर्धाओं में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया ।

भारत ने पांच टीम एलिमिनेशन दौर खेले और सिर्फ एक सेट गंवाया । वहीं महिला कंपाउंड टीम को क्वालीफिकेशन में शीर्ष रहने के कारण क्वार्टर फाइनल तक बाय मिला था ।

पांचवीं वरीयता प्राप्त अतनु दास और अंकिता भकत ने मलेशिया के स्याकिरा बिंटी एम और मुहम्मद जरीफ स्याहिर बिन जोकेपेली को 39 . 38, 37 . 36, 39 . 33 से हराया ।

मलेशिया की जोड़ी ने पहले सेट में तीन 10 स्कोर करके 2 . 0 की बढत बना ली थी । लेकिन भारत की अनुभवी जोड़ी ने दो 10 स्कोर करके वापसी की ।

मलेशियाई टीम ने दूसरा सेट एक अंक के अंतर से गंवा दिया । वहीं तीसरे सेट में दास और अंकिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन परफेक्ट 10 लगाये और क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया से होगा । इंडोनेशिया को हराने पर उनकी टक्कर शीर्ष रैंकिंग वाली दक्षिण कोरिया से हो सकती है । एशियाई खेलों में छह कोटा स्थान उपलब्ध है जो रिकर्व मिश्रित टीम विजेता और व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष दो तीरंदाजों को मिलेंगे । कंपाउंड मिश्रित वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने सिर्फ एक अंक गंवाया और संयुक्त अरब अमीरात के मोहम्मद बिनामरो और आमना अलावाधी को 159 . 151 से मात दी । अब उनका सामना मलेशिया से होगा ।

कंपाउंड टीम वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त ओजस, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश जावकर ने 15वीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर ( वून तेंग एंग, ली चुंग ही एलेन और जुन हुइ गोह ) को 235 . 219 से हराया । अब उनका सामना निचली रैंकिंग वाली भूटान टीम से होगा ।

शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला कंपाउंड टीम ( ज्योति, अदिति स्वामी और परनीत कौर ) क्वार्टर फाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग से खेलेगी जिसने बांग्लादेश को 225 . 218 से हराया ।

दास, धीरज और तुषार शेल्के की पुरूष रिकर्व टीम ने हांगकांग के क्षोक यिन चाइ, लॉ क्वुन पोक लूसियेन और चुन किट को 58 . 47, 57 . 49, 57 . 55 से हराया । अब उनका सामना मंगोलिनया से होगा ।

महिला रिकर्व टीम ने 12वीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड को हराया । पांचवीं वरीयता प्राप्त महिला टीम में अंकिता , भजन कौर और सिमरनजीत कौर शामिल थे जिन्होंने 49 . 47, 54 . 54, 55 . 54 से जीत दर्ज की । अब उनका सामना जापान से होगा ।

## ज्योति, चौहान क्वार्टर फाइनल से बाहर, कुराश से खाली हाथ लौटेगा भारत



हांगझोउ, एशियाई खेलों की कुराश स्पर्धा से भारत को खाली हाथ लौटना पड़ेगा क्योंकि ज्योति टोकस और यश कुमार चौहान को अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एकतरफा पराजय झेलनी पड़ी ।

चौहान को 90 किलो वर्ग में ईरान के सादेग अजारांग ने 10 . 0 से हराया । यह मुकाबला ज्यादा देर तक नहीं चला क्योंकि ईरानी खिलाड़ी ने खलोल के जरिये चौहान को चित कर दिया ।

अगर खिलाड़ी अपने विरोधी को मजबूत तरीके से थ्रो करता है तो उसे खलोल कहा जाता है और वह उस बाउट का विजेता बन जाता है।

इससे पहले महिलाओं के 87 किलो क्वार्टर फाइनल में ज्योति को ईरान की मलिका ओमिद वी ने तीन चाल के जरिये 3 . 0 से हराया ।जकार्ता में 2018 में रजत पदक जीतने वाली पिंकी बलहारा भी 52 किलो क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई थी ।भारत के आदित्य धोपांवकर ( 81 किलो), सुचिका तरियाल ( 52 किलो ) और केशव ( 66 किलो ) भी हारकर बाहर हो चुके हैं ।

## सुतीर्था और अहिका ने टेबल टेनिस युगल में कांस्य पदक जीता



हांगझोउ, सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी को एशियाई खेलों में सोमवार को टेबल टेनिस महिला युगल सेमीफाइनल में कोरिया से कड़े मुकाबले में 3 . 4 से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा ।

सुतीर्था और अहिका ने 2 . 3 से पिछडने् के बाद वापसी की लेकिन कोरिया की सुगियोंग पाक और सुयोग चा ने निर्णायक गेम में बाजी मार ली । उन्होंने एक घंटे तक चला मुकाबला 7 . 11, 11 . 8, 7 . 11, 11 . 8, 11 . 9, 5 . 11, 11 . 2 से जीता ।

इससे पहले भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में विश्व चैम्पियन चीन की चेन मेंग और यिडि वांग को हराया था ।

इसके साथ ही टेबल टेनिस में अब भारत की चुनौती समाप्त हो गई । इस बार भारत ने टेबल टेनिस में यही एक पदक जीता है ।

## केनोइंग और कयाकिंग में भारत के लिये निराशाजनक दिन

हांगझोउ, भारतीय खिलाडि़यों के लिये केनोइंग और कयाकिंग में सोमवार का दिन निराशाजनक रहा और चार फाइनल में उतरने के बावजूद वे पदक नहीं जीत सके । नीरज वर्मा पुरूषों के एकल केनोए 1000 मीटर में 4 : 36 . 314 सेकंड का समय निकालकर सातवें स्थान पर रहे । रीबासन सिंह एन और फिलेम ज्ञानेश्वर सिंह की भारतीय टीम पुरूष केनोए युगल 500 मीटर फाइनल में 1 : 54 . 723 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रही ।भारतीय महिला टीम कयाक युगल 500 मीटर और केनोए युगल 500 मीटर फाइनल में आखिरी स्थान पर रही । बिनिता चानू ओइनम और पार्वती गीता ने कयाक युगल 500 मीटर में 2 : 07 . 440 सेकंड का समय निकाला जबकि मेघा प्रदीप और शिवानी वर्मा केनोए युगल 500 मीटर में 2 : 17 . 614 का समय निकाल सकी ।

## धोनी से बहुत कुछ सीखा लेकिन कप्तानी का मेरा अपना तरीका: गायकवाड़



हांगझोउ, उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी से काफी कुछ सीखा है लेकिन पहली बार एशियाई खेलों की क्रिकेट स्पर्धा में भारतीय पुरूष टीम की कप्तानी कर रहे रूतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उनकी कप्तानी की अपनी शैली है ।

महिला टीम के बाद अब भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम भी स्वर्ण पदक की दावेदार होगी । भारतीय टीम मंगलवार को क्वार्टर फाइनल खेलेगी ।

इंडियन प्रीमियर लीग में धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले गायकवाड़ ने कहा , मैने धोनी से बहुत कुछ सीखा है लेकिन हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है । उनकी शैली अलग है, उनकी शख्सियत अलग है और मेरी अलग है ।


उन्होंने कहा , मैं उनके जैसा कुछ करने की बजाय अपनी शैली से खेलूंगा । हालात का सामना करने और खिलाडि़यों के सही उपयोग को लेकर उनसे मिली सीख को मैं जरूर अमल में लाऊंगा ।

भारतीय कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि चीन में क्रिकेट खेलना अनोखा अनुभव होगा ।

उन्होंने कहा, यहां बहुत अलग है । हमने कभी सोचा भी नीं था कि चीन में क्रिकेट खेलेंगे । पूरी टीम के लिये यह शानदार मौका है । एशियाई खेलों में भाग लेना गर्व की बात है । गायकवाड़ ने कहा , क्रिकेट में विश्व कप है, आईपीएल है और घरेलू टूर्नामेंट है । हम उस तरह के हालात और माहौल के आदी है लेकिन यहां खेलगांव में रहना , दूसरे खिलाडि़यों को और उनके संघर्षों को जानना अलग अनुभव है । उन्हें दो तीन साल या चार साल में खेलने का मौका मिलता है । हमें खेलगांव का दौरा करके बहुत अच्छा लगा ।

# फिल्मी दुनियां

## नागार्जुन ने अपने जन्मदिन पर किया फिल्म ना सामी रंगा का ऐलान



अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी अपने 63वां जन्मदिन के खास मौके पर उन्होंने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम ना सामी रंगा रखा गया है। यह फिल्म अगले साल संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी और टिकट खिडकी पर इसका सामना महेश बाबू की गुंटूर करम से होगा। ना सामी रंगा का निर्देशन विजय बिन्नी द्वारा किया जाएगा, वहीं एमएम कीरवानी फिल्म के लिए संगीत तैयार करने वाले हैं।

ना सामी रंगा से नागार्जुन का पहला लुक सामने आ चुका है, जिसमें वह दमदार अवतार में दिखाई दे रहे हैं।निर्माताओं ने फिल्म से जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं।यह फिल्म श्रीनिवास चित्तूरी द्वारा निर्मित है।श्रीनिवासा सिल्वर स्क्रीन ने एक्स पर ना सामी रंगा का पोस्टर साझा किया है। उन्होंने लिखा, ना सामी रंगा। हमारी अगली फिल्म नागार्जुन के साथ। कहानी और संवाद प्रसन्ना कुमार द्वारा तैयार किए गए हैं, जबकि संगीत एमएम कीरावनी द्वारा रचित है। मुख्य अभिनेत्री और बाकी मुख्य कलाकारों और क्रूसहित अन्य विवरण जल्द ही जारी किए जाएंगे। संक्रांति 2024 के दौरान रिलीज़ होने की उम्मीद है, इस उत्सुकता से प्रतीक्षित फिल्म पर अधिक अपडेट के लिए बने रहें।बीते साल रिलीज हुई डायरेक्टर अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में नागार्जुन ने अहम भूमिका को अदा किया था। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की इस सुपरहिट फिल्म में एक्टर ने नंदी अस्त्र का रोल प्ले किया, जिसको दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया।

## व्हाइट शॉर्ट ड्रेस पहन भूमि पेडनेकर ने शेयर किया बॉर्बी डॉल लुक, फोटोज देख फैंस हुए मदहोश



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेक इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर काफी चर्चाओं में बनी हुई हैं। ये फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनके बॉर्बी लुक को देखकर फैंस अपना दिल हार गए हैं। भूमि पेडनेकर बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई है। हाल ही में एक्ट्रेस की अपकमिंग मूवी थैंक यू फॉर कमिंग का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में भूमि पेडनेकर की रोमांटिक लाइफ की प्रॉब्लम को दिखाया गया है, जिसे उनके दोस्त मिलकर सुलझाने की कोशिश करते हैं। एक्ट्रेस की इस फिल्म का ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। हालांकि लोग उनके किरदार को बेहद सराहना दे रहे हैं। भूमि पेडनेकर ने ट्रेलर रिलीज इवेंट के दौरान व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें वो काफी हॉट नजर आ रही थीं। हाई हील्स, खुले बाल और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। फैंस भी उनके लुक की काफी तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं।

## टाइगर नागेश्वर राव से कृति सेनन ने जारी किया बहन नुपूर का लुक



कृति सेनन की खुशी का ठिकाना नहीं है। एक तरफ जहां उन्होंने हाल ही बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड जीता, वहीं दूसरी ओर उनकी बहन नूपुर सेनन साउथ में डेब्यू कर रही हैं। नूपुर सेनन जल्द ही रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में नजर आएंगी। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक भी रिलीज कर दिया गया है। कृति सेनन इस मौके पर बेहद गर्व महसूस कर रही हैं।

उन्होंने टाइगर नागेश्वर राव की फिल्म से बहन नूपुर सेनन का फर्स्ट लुक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया, और लिखा, अपनी बहन की पहली पैन इंडिया फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का पहला पोस्टर लॉन्च करने से ज्यादा मेरे लिए और कुछ गर्व वाली बात नहीं है। मिलिए हमारे टाइगर के प्यार से। टाइगर नागेश्वर राव की खूबसूरत दुनिया की प्यारी सारा से आपको मिलवा रही हूं। फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर में नूपुर सेनन ट्रेन में बैठी खिडक़ी से बाहर झांकती नजर आ रही हैं और वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं। नूपुर सेनन ने कई म्यूजिक वीडियोज में काम किया है। वह अक्षय कुमार के साथ भी कुछ म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं और कमाल की सिंगर भी हैं। इसके अलावा वह वेब सीरीज पॉप कौन में भी नजर आई थीं। लेकिन टाइगर नागेश्वर राव नूपुर सेनन की पहली फिल्म है।इस फिल्म को वामसी निर्देशित कर रहे हैं। उन्होंने ही इसकी कहानी लिखी है। फिल्म में रवि तेजा लीड रोल में हैं। फिल्म में गायत्री भारद्वाज और अनुपम खेर भी नजर आएंगे। टाइगर नागेश्वर राव को पैन इंडिया सभी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

## पिंक साड़ी पहन केट शर्मा ने सोशल मीडिया पर लगाया ग्लैमर का तडक़ा



टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपनी ड्रेसिंग सेंस और कातिलाना अदाओं से फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस केट शर्मा की एथनिक लुक से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इन फोटोज में उनका दिलकश अंदाज देखकर फैंस का दिस मचल गया है। एक्ट्रेस केट शर्मा सोशल मीडिया लवर हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर से नजरें नहीं हटा पाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस केट शर्मा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक को काफी पसंद करते हैं।

## डांस फ्लोर पर थिरकने को तैयार हो जाइए, यारियां 2 का पहला गाना सौरे घर रिलीज

फिल्म यारियां 2 का पहला गाना सौरे घर रिलीज हो गया है. इस गाने पर दिव्या खोसला कुमार, पर्ल वी पुरी, मीजान जाफरी का इस साल का परफेक्ट वेडिंग एंथम है. फिल्म यारियां का सीक्वल आखिरकार 20 अक्टूबर, 2023 को रिलीज होने के लिए तैयार है. यारियां 2 में दिव्या खोसला कुमार, मिजान जाफरी और पर्ल वी पुरी लीड रोल में हैं. फिल्म का टीजऱ पहले ही रिलीज़ हो चुका है और इसे फैंस से पॉजिटिव कमेंट्स मिल रहे हैं.

लीड एक्टर दिव्या, मिज़ान और पर्ल के बीच दिखाई गई क्रेजी कजिन केमिस्ट्री को बेहद पसंद किया जा रहा है. यह फिल्म दोस्ती, प्यार और भाईचारे को देखने का एक नया नजरिया दिखाएगी. फिल्म का पहला गाना आखिरकार आज रिलीज हो गया जो इस साल का वेडिंग थीम बनेगी.



यारियां 2 का पहला गाना सौरे घर रिलीज दिव्या खोसला कुमार, मीजान जाफरी और पर्ल वी पुरी एक्टेड सीक्वल यारियां 2 का पहला गाना, सौरे घर आखिरकार रिलीज हो गया है.

यह हाई–एनर्जी सॉन्ग इस साल का शादी गान है. फिल्म का यह फुट–टैपिंग ट्रैक दिव्या, मिज़ान और पर्ल के बीच साझा किए गए मजबूत और अटूट बंधन को खूबसूरती से दिखाता है. तीनों न केवल खून से चचेरे भाई–बहन हैं बल्कि पसंद से सबसे अच्छे दोस्त भी हैं, जो उनके बंधन को और भी मजबूत बनाता है.इस गाने को विशाल मिश्रा और नीति मोहन ने गाया है जबकि म्यूजिक और सॉन्ग मनन भारद्वाज का है. सौरे घर एक ऐसा गाना है जो वास्तव में दोस्ती को परिभाषित करता है, खासकर चचेरे भाई–बहनों के साथ. दिव्या खोसला कुमार, मिजान जाफरी और पर्ल वी पुरी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्टर साझा करके गाने की रिलीज की घोषणा की।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com